वर्ष- 22 अंक - 132 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

## टायर में लगी आग के बाद पुलिया से गिरी कार जलकर खाक

# 4 युवक जिंदा जले, एक गंभीर

*सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे थे सागौर के युवक, धार के पास हुआ हादसा*









**धार ● एजेंसी**

धार जिले में चलती कार में आग लगने से चार युवक जिंदा जल गए और उनकी मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसे इंदौर रैफर किया गया है। हादसा फोरलने पर हुआ, जहां कार के टायर में आग लगने के बाद वो पुलिया से नीचे गिर गई। इसके बाद आग पूरी कार में फैल गई और उसमें सवार चार लोग जिंदा जल गए। कार सवार लोग सांवरिया सेठ मंदिर में दर्शन करके लौट रहे थे। पांचों युवकों ने मंदिर के बाहर तस्वीर खिंचवाई थी। हादसे में मारे गए लोगों में 24 वर्षीय भीम, 21 वर्षीय चेतन, 22 वर्षीय आदित्य और 19 वर्षीय अभिषेक शामिल हैं। उधर छतरपुर में भी एक कार में आग लग गई जिससे पूरी कार जलकर राख हो गई। इस कार में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे सवार थे।

## कार ने श्रद्धालुओं को कुचला, 5 की मौत, 17 घायल

**फिरोजाबाद.एजेंसी। उत्तरप्रदेश के फिरोजाबाद में शरद पूर्णिमा पर तेशु-झांझी विसर्जन के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क पर त्योहार मनाने और विसर्जन करने के लिए जुटे लोगों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। हादसे में तीन किशोरियों समेत पांच लोगों की मौत हो गई है, दुर्घटना में 17 लोग घायल हुए हैं। उधर छत्तीसगढ़ में रायपुर-बिलासपुर हाइवे पर खड़े ट्रक से तेज रफ्तार बस टकरा गई जिससे 3 यात्रियों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए।**

## सर्बिया में पुतिन के यार की हार

# कॉकरोचों ने कर दिया तख्तापलट

**बेलग्रेड ● एजेंसी**

सेंट्रल यूरोप के देश सर्बिया में हुए चुनाव में 14 साल से सत्ता पर काबिज कद्दावर नेता अलेक्जेंडर वुचिच को हार का सामना करना पड़ा है। इस चुनाव में 'कॉकरोचों' की जीत हुई है। भ्रष्टाचार और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के आरोपों के खिलाफ दो साल से आंदोलन कर रहे छात्रों के समर्थन वाले विपक्षी गठबंधन 'स्टूडेंट्स लिस्ट' को 250 सदस्यीय संसद में जीत हासिल हुई



है। वहीं, अलेक्जेंडर वुचिच की दक्षिणपंथी सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी (एसएनएस) स्टूडेंट्स लिस्ट से पिछड़ गई है। अलेक्जेंडर को रूसी राष्ट्रपति पुतिन का करीबी माना जाता है।

## ब्राजील में ट्रंप के यार की हार

# लूला चौथी बार बने राष्ट्रपति

**ब्राजीलिया ● एजेंसी**

ब्राजील में 80 साल के लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने चौथी बार राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। वे पहले दौर की वोटिंग में फ्लावियो बोल्सोनारो से पिछड़ गए थे, लेकिन दूसरे दौर में बाजी पलट दी। यह पहली बार हुआ, जब पहले राउंड में दूसरे नंबर पर रहने वाला उम्मीदवार आखिरी राउंड में जीतकर राष्ट्रपति बना। वहीं फ्लावियो पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के बेटे हैं। बोल्सोनारो परिवार अमेरिकी



राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है। लूला ने 2022 के चुनाव में फ्लावियो के पिता और ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को भी हराया था। इस चुनाव में ट्रंप के यार फ्लावियो बोल्सोनारो हार गए।

## दूल्हे और रिश्तेदारों को जिंदा जलाने की कोशिश

**नासिक.एजेंसी। नासिक जिले के येवला शहर में प्रेम विवाह से नाराज युवती के परिजनों ने एक शादी समारोह में जमकर हंगामा किया। आरोप है कि युवती के रिश्तेदारों ने दूल्हे और उसके परिजनों पर डीजल डालकर उन्हें जिंदा जलाने की कोशिश की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में 7 से 8 लोग घायल हो गए। इस मामले में कई लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।**

# फिर क्रैश हुआ शेयर बाजार

**मुंबई ● एजेंसी**

शेयर बाजार पिछले दिनों की तरह आज भी औंधे मुंह गिर गया। आज सेंसेक्स में 600 और निफ्टी में 200 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स अपने पिछले शुक्रवार के बंद 73,123 की तुलना में टूटकर 72,990 के लेवल पर ओपन हुआ और फिर इसके गिरने की रफ्तार तेज होती चली गई। महज 5 मिनट के कारोबार के दौरान ही ये 609 अंक फिसलकर 72,514 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया।

## 55 दिन में 14 हजार रुपए सस्ता हुआ सोना

### चांदी 9 महीने में रह गई आधी

**सोमवार ● एजेंसी**

त्योहारी सीजन के बीच सोने-चांदी की कीमत में गिरावट जारी है। सितंबर और अक्टूबर 2026 में अब तक याने 55 दिनों में 24 कैरेट सोना करीब 14 हजार रुपए सस्ता हुआ है। इसी तरह पिछले 9 महीने में चांदी के दाम आधे रह गए। यही हाल हीरे का है, जो चार साल में आधे दाम हो गया।

## राहुल पहुंचे कोर्ट आज आएगा फैसला

**सुल्तानपुर ● एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मानहानि केस में आज सुल्तानपुर कोर्ट में कांग्रेस पार्टी के नेता और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर फैसला होगा। वे आज कोर्ट में पेश हो रहे हैं। राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष (अमित शाह) के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## मस्जिद के सामने संघ के पथ संचलन पर पथराव

**जलगांव ● एजेंसी**

महाराष्ट्र के जलगांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विजयादशमी पथ संचलन के दौरान दो पक्षों के बीच भारी झड़प और पथराव की घटना सामने आई है। दशहरा उत्सव के अवसर पर निकाले जा रहे इस जुलूस के दौरान अचानक पथराव शुरू होने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। विवाद तब शुरू हुआ जब कुछ उपद्रवियों और स्थानीय लोगों ने मस्जिद के सामने से जुलूस निकालने का विरोध किया और रास्ता रोक दिया।

## शूटर्स के निशाने पर थे आमिर खान

**मुंबई ● एजेंसी**

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान को लेकर एक चौंकाने वाला दावा सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान के बाद शूटर्स की हिट लिस्ट में आमिर खान का नाम भी था। बताया जा रहा है कि शूटर्स आमिर के बांद्रा स्थित घर की रेकी करने पहुंचे थे, लेकिन वहां उन्हें एक्टर नहीं मिले। इसके बाद उन्होंने अपना प्लान बदल लिया और दूसरे टारगेट की तरफ बढ़ गए। इस मामले में टाइगर श्रॉफ का नाम भी सामने आया है।

## अब जम्मू-कश्मीर थर्राया

**सोमवार.एजेंसी।** अफगानिस्तान में देर रात को भूकंप के झटके आए जिससे जम्मू कश्मीर से लेकर दिल्ली और पंजाब तक धरती डोल गई। उधर तिब्बत में भी 5.9 तीव्रता का बड़ा भूकंप आया।

# जेम पोर्टल सरकारी खरीदी में जांच हो-कांग्रेस

**भ्रष्टाचार का बड़ा माध्यम है सभी विभागों की खरीदी में**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आनंद जैन कासलीवाल ने जेम पोर्टल के माध्यम से होने वाली सरकारी खरीदी पर सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने वर्ष 2016 में जेम पोर्टल की शुरुआत की और वर्ष 2017 में इसे सरकारी खरीदी की व्यवस्था के रूप में आगे बढ़ाया। इसका उद्देश्य पारदर्शिता लाना था, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस व्यवस्था का सही तरीके से पालन हो रहा है या इसके माध्यम से भ्रष्टाचार किया जा रहा है? आनंद जैन कासलीवाल ने कहा कि जेम पोर्टल पर व्यापारी और निर्माता अपना पंजीकरण कराकर सरकारी विभागों में सामान सप्लाई कर सकते हैं। लेकिन यदि किसी अधिकारी और व्यापारी के बीच मिलीभगत होने से इस व्यवस्था का दुरुपयोग कर रहे हैं उदाहरण के तौर पर, किसी सरकारी विभाग को फर्नीचर खरीदना है, तो उसकी शर्तें इस तरह तय की जा सकती हैं कि केवल एक या कुछ चुनिंदा व्यापारी ही उसे पूरा कर सकें। इसके बाद यदि कुछ व्यापारी आपस में मिलकर अलग-अलग सामान की ऊंची दरें डालें और अधिकारी उन्हीं दरों को मंजूरी दे दें, तो सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी तरह स्वास्थ्य विभाग में दवाइयों और मेडिकल उपकरणों की खरीदी की भी जांच होनी चाहिए। यदि किसी दवा या उपकरण की कीमत बाजार मूल्य से चार-पांच गुना अधिक दिखाई जाती है और अधिकारी उसे मंजूरी देते हैं, तो यह गंभीर जांच का विषय है। यह पता लगाया जाना चाहिए कि दरें किस आधार पर तय हुईं, बाजार मूल्य से उनकी तुलना की गई या नहीं और क्या सप्लायरों के बीच किसी तरह की मिलीभगत थी। आनंद जैन कासलीवाल ने कहा कि सरकारी अधिकारी की मंजूरी मिल जाने से कोई गलत दर अपने आप सही नहीं हो जाती। यदि किसी खरीद में नियमों का उल्लंघन हुआ है या सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है, तो उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार से जुड़े प्रभावशाली लोगों और कुछ सप्लायरों के बीच गठजोड़ भारी मात्रा में भ्रष्टाचार का किया जाता है। एक ही पार्टी को हर विभाग में हमेशा काम मिलता है और वही लोग सालों से उन विभागों में कार्य कर रहे हैं सप्लाई का उन्होंने मांग की कि जेम पोर्टल के माध्यम से सभी सरकारी विभागों में हुई खरीदी का विभागवार ऑडिट कराया जाए और विशेष रूप से दवाइयों, फर्नीचर, चिकित्सा उपकरणों तथा महंगी वस्तुओं की खरीद की जांच हो। सरकार जेम पोर्टल से हुई खरीदी का पूरा हिसाब जनता के सामने रखे और पारदर्शिता सुनिश्चित करे। उक्त जानकारी आनंद जैन कासलीवाल प्रवक्ता, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आरोप के साथ दी।



## अपशब्दों से दिख रही कांग्रेस की हताशा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सांसद प्रतिनिधि भाजपा नेता संतोष वाधवानी ने बताया कि लगातार चुनावी हार से बौखलाई कांग्रेस अब अपशब्दों पर उतर आई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तमाल किया, जो गलत है। अमर्यादित भाषा का प्रयोग कांग्रेस की गिरती राजनीतिक मर्यादा और संस्कारहीनता का प्रमाण है। क्या कांग्रेस की राजनीति अब व्यक्तिगत अपमान तक ही सिमटकर रह गई है? अपनी नाकामियों पर आत्मचिंतन करने के बजाय अपशब्दों का सहारा लेना कांग्रेस की हताशा दर्शाता है। कांग्रेस याद रखे, यह नया भारत है, जहाँ जनता अपमान और अहंकार का जवाब अपने जनादेश से देती है। ओछी राजनीति से सत्ता नहीं, केवल जनता की नाराजगी मिलती है!

# एआईएमआईएम के सदस्य बने पुराने कांग्रेसी

### मुस्लिम बाहुल्य चंदननगर क्षेत्र में चलाया अभियान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



एआईएमआईएम से जुड़े खलील मुल्तानी, जावेद पठान ने बताया कि उनके नेतृत्व में विधानसभा 1 के वार्ड 1 एवं 2 में कई कांग्रेसियों ने एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की। दोनों ही वार्डों में पार्टी ने सदस्यता अभियान चलाया और बताया कि कांग्रेस ने कभी मुस्लिम समाजजनों का हित नहीं किया। चंदननगर लोहा गेट गली नं. 2 में भी कई लोगों ने आगे बढ़कर कांग्रेस छोड़ी और एआईएमआईएम का दामन थामा। मुल्तानी और पठान के मुताबिक जाकिर अंसारी, रफीक अंसारी, रेहान खान, शकिल अरब, राजा खान, शाहरुख खान सोहेल खान और अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## समाजवादी पार्टी ने मांगा शराब कांड पर इस्तीफा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव रामस्वरूप मंत्री और देवास जिला अध्यक्ष लीलाधर चौधरी ने देवास में हुए शराब कांड को लेकर जहरीली शराब के नेटवर्क की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही मंत्री जगदीश देवडा से इस्तीफे की मांग भी की। मंत्री और चौधरी ने कहा कि प्रदेश में शराब माफिया बेखौफ होकर सक्रिय है और जहरीली शराब से हो रही मौतें सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब माफिया को मिल रहे कथित राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण के कारण ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। कई मौत एवं कुछ लोगों की आंखों की रोशनी प्रभावित होने और अन्य गंभीर लक्षणों की भी जानकारी सपा नेताओं ने दी।

## 3.15 करोड़ की लागत से बनेगा कांक्रीट रोड

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



राऊ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सनावदिया से बिहाड़िया तक 2 किलोमीटर लंबे सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ। लगभग 3 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस मार्ग से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में अतिथियों ने विधिवत पूजन-अर्चन और गेती चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया, वहीं ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। विधायक मधु वर्मा, रवि रावलिया, श्रवणसिंह चावड़ा, रीना मालवीय, विश्वजीत सिसोदिया, जगदीश यादव, महेंद्र ठाकुर, घनश्याम पाटीदार, रामस्वरूप गेहलोत, कैलाश पाटीदार, मुरली व्यास, प्रकाश रावलिया, बालकृष्ण सोलंकी सहित अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेस नेताओं ने उठाई वोटर आईडी मिलने पर जांच की मांग



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश चौकसे एवं अमित चौरसिया ने राऊ विधानसभा के सैकड़ों वोटर आईडी कार्ड नर्मदा नदी के किनारे मिलने पर चुनाव प्रक्रिया और चुनाव व्यवस्था पर प्रश्न उठाया। चौकसे और चौरसिया ने कहा कि आखिकार यह कार्ड नर्मदा नदी किनारे कैसे पहुंचे और पहुंचने के बाद वहां से यह वीडियो वायरल हुए। इस पूरे मामले में निष्पक्ष होना चाहिए। चौकसे और चौरसिया ने कहा कि नर्मदा नदी किनारे सफाई कार्य के दौरान बड़ी संख्या में वोटर कार्ड पड़े मिले, देखने पर यह सब इंदौर की राऊ विधानसभा क्षेत्र के बताए गए। इस मामले में चुनाव कार्यालय ने अभी तक सामने आकर कोई पुष्टि नहीं की है यह भी एक प्रश्नचिह्न है। पूरे मामले की जांच होना चाहिए, जिससे स्थिति स्पष्ट हो सके। चुनाव आयोग के साथ प्रशासन भी इस मामले में संज्ञान ले और अपने स्तर पर पता लगवाए कि आखिर हुआ क्या, यह वोटर आईडी असली है या नकली इसकी भी जांच होना चाहिए।

## भाजपा नेताओं ने किए माताजी के दर्शन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर के मध्य जवाहर मार्ग स्थित मोहनपुरा माताजी मंदिर पर कल महाआरती और भंडारा का आयोजन आयोजक मयूर सोनी ने किया था। आयोजन में भाजपा पिछड़ा वर्ग से जुड़े अध्यक्ष निखिल सोनी, जीतू कुशवाह, शुभम सोनी, दिलीप मौर्य, राम कुंडेले सहित अन्य भी पहुंचे थे जिन्होंने माताजी के दर्शन भी किए।

## मन की बात सुनी गई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कल अलग-अलग विधानसभाओं के मंडल और वार्डों तक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों ने सुना। कुछ आयोजन होटल में भी हुए, तो कुछ घरों में हुए तो कुछ सार्वजनिक किए गए।

## मंत्री ने किया रेलवे ब्रिज ओवर का निरीक्षण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कल लसूड़िया मोरी–केलोद हाला मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सिलावट ने कहा कि सिंहस्थ महापर्व-2028 के दृष्टिगत यह रेलवे ओवरब्रिज क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके निर्माण से नागरिकों को रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और यातायात सुगम होगा। इस ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना का लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और दिसंबर 2027 तक निर्माण पूर्ण करने



का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लगभग 32 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के लिए राज्य शासन ने 14 जुलाई 2023 को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की थी। निर्माण कार्य मेसर्स केटी कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड, इंदौर को सौंपा गया है। ओवरब्रिज की कुल लंबाई 734 मीटर तथा चौड़ाई 12 मीटर होगी। उन्होंने बताया कि ब्रिज की नींव का कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है, जबकि सब-स्ट्रक्चर और सुपर-स्ट्रक्चर का निर्माण तेजी से जारी है। परियोजना को समय-सीमा में पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग, रेलवे, इंदौर विकास प्राधिकरण और अन्य संबंधित विभागों के बीच समन्वय किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मंत्री सिलावट ने रेलवे विभाग की ओर से निर्माण कार्य शुरू नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

# भाजपा नेता ने सजाया मां का दरबार

## बड़ी संख्या में पहुंचे रहवासियों के अलावा भाजपाई

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

भाजपा नेता लोकेश अवस्थी लक्की ने बताया कि संस्था समृद्ध के बैनर तले परशुराम महादेव धाम संगम नगर में माँ वैष्णो देवी का दरबार सजाया। शृंगार और भोग दर्शन श्रद्धालुओं ने किए। माता का जागरण और कन्या पूजन व प्रसादी का आयोजन भी किया गया। माँ वैष्णो देवी का जागरण भी किया गया। गायकों ने माता के कीर्तन की प्रस्तुति दी। आयोजन में मंत्री कैलाश



विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, जीतू जिराती, कैलाश शर्मा, दीपू यादव, कमल शुक्ला, नवीन जैन सहित अन्य सम्मिलित हुए। भजन गायक कंचन सोनी, जया होलकर, गन्नू महाराज, राजू शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी। अर्जुन श्रोत्रीय, समृद्ध अवस्थी, बंटी ठाकुर, सौरभ राठौर, मयंक जोशी, कैलाश मनावत, गोविंद सिसोदिया, विजय जोशी, बबलू जोधा, प्रखर कुलश्रेष्ठ, सुधीर यादव, राहुल वर्मा, राज मिश्रा, अनिकेत परिहार, शोभित शर्मा, हनी यादव, साहेबसिंह बेदी, दीपेश जाधव, वासु मनावत और योगेश डांगी सहित अन्य मौजूद रहे।

## कांग्रेस की जनसंघर्ष रैली कल निकलेगी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने बताया कि भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों और आम लोगों की समस्याओं को लेकर साथ ही इस रैली के माध्यम से वोट चोरी का मुद्दा भी कांग्रेस उठाएगी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग भी की जाएगी। यह रैली कल 27 अक्टूबर को सुबह गांधी भवन से कांग्रेसियों की मौजूदगी में कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी, जहां प्रदर्शन होगा और राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। जीतू दीवान, सन्नी राजपाल, गिरिश चितले, नितिश भारद्वाज ने भी रैली को सफल बनाने की अपील की है।

## संस्था राजवंश के आयोजन में पहुंचे सांसद सहित भाजपाई, समाजसेवी भी रहे मौजूद



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

संस्था राजवंश और यूथ इंस्पायर हब ने संयुक्त रूप से बाबाश्री गार्डन छोटा बांगड़दा में शरद पूर्णिमा पर महारास डांडिया नाइट का आयोजन किया। गुजराती गीतों पर गरबा का लुत्फ लिया गया। कार्यक्रम में अतिथि सांसद शंकर लालवानी और समाजसेवी प्रकाश शारदा अजमेरा, पार्षद सोनाली मुकेश धारकर थे। आयोजक दीपम शुक्ला, रूपक शर्मा, निधि शर्मा ने बताया कि भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## भाजपा नेता ने पत्नी के साथ की महालक्ष्मी आराधना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बाबाश्री गार्डन में विद्याधाम मंदिर द्वारा आयोजित राहुल कृष्ण शास्त्री के मार्गदर्शन में महालक्ष्मीजी के पूजन का आयोजन किया। विधानसभा 1 के वार्ड 4 से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण प्रजापत और उनकी धर्मपत्नी राधा प्रजापत ने दम्पति के रूप में 200 जोड़ों के साथ इस आयोजन में शिरकत की।



## भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने लिया खीर भजिए का लुत्फ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

रेसीडेंसी के पीछे जीपीओ चौराहा पर दिनेश भदौरिया, अभिषेक अग्रवाल ने कल शरद पूर्णिमा पर महाआरती और खीर भजिये के प्रसाद का आयोजन किया था। भाजपा और कांग्रेस दोनों नेताओं को आमंत्रित किया गया था। कई भाजपा और कांग्रेस के नेता आयोजन में पहुंचे और उन्होंने खीर-भजिए का लुत्फ लेकर राजनीतिक गपशप भी की। कई भाजपा और कांग्रेस नेता एक साथ भी दिखे और एक-दूसरे से राजनीतिक तकरार करते रहे।

## आम आदमी पार्टी ने शुरू किया सदस्यता अभियान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री अनुराग यादव ने बताया कि इन्दौर में एक साथ पूरे शहर में आप सदस्यता अभियान शुरू किया गया। विभिन्न क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों एवं जनसंपर्क स्थलों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोगों से संपर्क कर उन्हें पार्टी से जुड़ने और जनसेवा में भागीदारी करने के लिए आमंत्रित किया। इस अभियान का उद्देश्य इंदौर में संगठन को वार्ड एवं मोहल्ला स्तर तक मजबूत करना तथा आम नागरिकों को राजनीति और जनसेवा से जोड़ना है। अभियान के तहत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान चलाकर नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने की पहल की। पार्टी का उद्देश्य ऐसे नागरिकों को संगठन से जोड़ना है, जो अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाने, जनहित के मुद्दों पर आवाज बुलंद करने और व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आना चाहते हैं। शहर जिला पदाधिकारियों ने भी इस सदस्यता अभियान में सहयोग किया। अनुराग यादव ने बताया कि आप सदस्य बनने के लिए वाटसअप नम्बर भी जारी किया गया है।

## सऊदी में इंदौर सहित प्रदेश के कई लोग फंसे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

मिडिल ईस्ट में सैन्य तनाव के बीच उड़ाने रद्द होने से उमराह करने गए, सैकड़ों भारतीय फंसे हुए हैं उनकी वापसी फ्लाइट बंद होने से अटक गई है। इंदौर सहित प्रदेश के करीब 300 लोग फंसे होने की बात सामने आई है। खासतौर पर इंदौर और भोपाल के निवासी भी सऊदी में ही अपने घर लौटने का इंतजार कर रहे हैं। इधर बताया जा रहा है कि होटल, खाने और स्थानीय परिवहन पर खर्च भी बढ़ गया है। प्रति व्यक्ति 4 से 5 हजार रु. तक का खर्च बढ़ा है।

## आज भी मनाई जा रही है पूर्णिमा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** हर तिथियां दो हो रही है और पहले दिन दोपहर से दूसरे दोपहर तक मनाई जा रही है। पूर्णिमा भी आज सुबह 11 बजे तक मनाई गई। वहीं कुछ संस्थाओं ने आज रात शरद पूर्णिमा के आयोजन भी रखे हैं। कई मल्टी और रहवासी संघ ने भी आज शरद पूर्णिमा के आयोजन रखे हैं, गरबा मंडल ने भी शरद पूर्णिमा और पुरस्कार के आयोजन रखे हैं। ज्यादातर शरद पूर्णिमा के आयोजन और गरबा पुरस्कार के आयोजन कल हो चुके हैं, देर रात तक शरद पूर्णिमा की प्रसादी चलती रही।

## महर्षि वाल्मीकिजी को याद करने पहुंचे समाजजनों के साथ भाजपाई



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** महर्षि वाल्मीकिजी का प्रकटोत्सव आज मनाया जा रहा है, आज सुबह से पंढरीनाथ स्थित गोगादेवजी के मंदिर में स्थित वाल्मीकिजी की प्रतिमा का सुबह से पूजन, अर्चन और आरती का आयोजन किया गया। पहले दुग्धाभिषेक भी हुआ थ। बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाजजन पहुंचे। वहीं भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और नेता कार्यकर्ता भी पहुंचे।

## दुर्गा वाहिनी मातृशक्तियों ने भी निकाला संचलन




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कल सुबह संघ ने सभी क्षेत्र में पथ संचलन अनुशासित तरीके से निकाला था जो दर्शनीय था, कल शाम को भी दुर्गा वाहिनी से जुड़ी मातृशक्तियों ने पथ संचलन निकाला। महू जिले के महू प्रखंड में सीबी गर्ल्स स्कूल से यह पथ संचलन निकाला जो गोपाल मंदिर, कोतवाली चौक, ड्रीम लैंड सहित अन्य स्थानों से निकला। यह पथ संचलन भी पूरी तरह अनुशासित था। माला ठाकुर, नोमिता कारपेंटर, संध्या सोनी का मार्गदर्शन मिला। उक्त जानकारी पुलकित मिश्रा ने दी।



# 350 कन्याओं का भोज और पुरस्कार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संगम नगर यूथ नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि उत्सव में गरबा करने वाली 350 कन्याओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कन्याओं के अलावा अन्य श्रद्धालुओं के लिए भी भोज का आयोजन किया। प्रताप सिंह पंवार, नीरज तैलंग, प्रदीप परमार ने बताया कि अतिथि सुरेंद्र बाजपेई, प्रेम विजयवर्गीय, गोविंदसिंह पंवार, मलखान कुशवाह, पराग कौशल, पारुल सोमानी, अन्ना सिंगारे, अशोक गुप्ता, राम पंवार, सुमित शुक्ला, प्रमोद चौरसिया सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अण्णा महाराज संस्थान में तुलादान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सद्गुरु अण्णा महाराज के अवतरण दिवस पर कल पलसीकर कालोनी



संस्थान में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में अण्णा महाराज का अन्न सामग्री से तुलादान भी हुआ। सुन्दरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ और कीर्तन का आयोजन भी हुआ। कई राजनेताओं ने भी शिरकत की।



# शरद पूर्णिमा पर हुआ भंडारा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नव जागृति दुर्गा उत्सव समिति बाहुबली गांधी नगर द्वारा नवरात्रि महोत्सव के उपरांत शरद पूर्णिमा पर रात्रि में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें गांधीनगर एवं आसपास के लोगों द्वारा परिवार सहित महाप्रसादी ग्रहण की गई। समिति द्वारा यह आयोजन कई वर्षों से किया जा रहा है।

# स्वर्णकार समाजजन जुलूस के रूप में पहुंचे अजमीढ़ चौराहा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रामबाग के समीप लोखंडे पुल चौराहा का नाम अब अजमीढ़ चौराहा कर दिया गया है। समाज के तीनों घटक ने मिलकर कृष्णपुरा छत्री से शोभायात्रा निकाली, जो लोखंडे पुल अजमीढ़ चौराहा पर पूर्ण हुई और वहां नामकरण पर खुशी भी जाहिर की।







# अग्रसेन क्लब ने मनाया उत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री अग्रसेन क्लब द्वारा शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया। गरबा का आयोजन भी किया गया, जिसमें 300 से ज्यादा सदस्यों ने माँ की आराधना में गरबा किए। 40 से ज्यादा पुरस्कार भी गरबा के दौरान रखे गए थे, पुरस्कार आशीष नताशा अग्रवाल, नीरज सपना मित्तल ने दिए। निर्णायक विनिता कुमार मौजूद रही। निखिल शीतल अग्रवाल, रूपेश टोना अग्रवाल, शुभम प्रियंका अग्रवाल, आशीष वंदना मित्तल, मीना नारायण गोयल, गजेंद्र रिंकू अग्रवाल, उमेश सपना मंगल, राकेश प्रीति गोयल, धीरज प्रियंका, अमिता कमल गोयल, पूजा अभय अग्रवाल, विनीता दीपक अग्रवाल, रोहित माधुरी अग्रवाल, साधना सतीश गोयल, राकेश रोशनी अग्रवाल ने अपनी भूमिका निभाई। अतिथि राजेश उषा बंसल, अरविंद बागड़ी, गोविंद सिंघल मामा, विनोद बंसल, रवि पिंकी अग्रवाल सहित अन्य थे।

# प्रेस क्लब में हुआ गरबा डांडिया



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर प्रेस क्लब में मीडियाकर्मी और परिजनों के लिए कल शरद पूर्णिमा पर गरबा डांडिया आयोजन क्लब प्रांगण में किया गया। गायकों ने प्रस्तुतियां भी दी।

# इंदौर में चलने वाली बसों पर भोपाल से रखेंगे नजर

**मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का मुख्य कंट्रोल रूम भोपाल में बनेगा**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू की गई है। इस सेवा के तहत 15000 बेसों का संचालन पूरे प्रदेश में शुरू किया जा रहा है। इसमें ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि इंदौर में चलने वाली बसों पर नजर भोपाल से रखी जाएगी।

इस बस सेवा के अंतर्गत बसों का संचालन शुरू करने के बाद अब इस संचालन को व्यवस्थित करने की तरफ सभी का ध्यान लगा हुआ है। इस परिवहन सेवा का शुभारंभ होने के साथ ही इंदौर से बसों का संचालन भी शुरू हो गया है। बसों का संचालन शुरू होने के साथ ही इन बसों पर नजर रखने और यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की तरफ ध्यान दिया जाने लगा है। इस कड़ी में अब सुगम परिवहन बस सेवा का संचालन करने वाली कंपनी के द्वारा यह फैसला लिया गया है कि राज्य स्तर का कमांड सेंटर भोपाल में स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र को बनाने का काम शुरू हो गया है। इसके अलावा इंदौर सहित प्रदेश के सात संभागीय मुख्यालय पर पर भी छोटे-छोटे केंद्र बनाने का काम शुरू किया जा रहा है। यह सारे कार्य परिवहन बस सेवा की कंपनी की सहयोगी कंपनी के द्वारा किए जाएंगे। इस बस सेवा के अंतर्गत जिन बसों को जोड़ा जा रहा है उनके लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि बस में जीपीएस का सिस्टम लगा हुआ होना चाहिए। इससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि बस के लिए जो रूट निर्धारित किया गया है उसी रूट पर बस का संचालन किया जा रहा है या नहीं। इसके साथ ही इंदौर में चलने वाली सभी बसों पर भोपाल से सीधे नजर रखी जाएगी। किसी भी बस के संचालन में यदि ऑपरेटर के द्वारा कोई गड़बड़ी की जाती है तो उसे भोपाल से ही चेतावनी मिलेगी और वहीं से उस पर कार्रवाई भी की जा सकेगी।

इस नई व्यवस्था को आकार देने के साथ इंदौर में जो सिटी बस का कमांड सेंटर बना हुआ था उस कमांड सेंटर को एक छोटा केंद्र के रूप में तब्दील करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इस बस कंपनी के द्वारा सभी ऑपरेटर को भी यह कह दिया गया है कि जनता को सुविधा देना सबसे ज्यादा प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# सेवानिवृत शिक्षक आधार सिंह होंगे सम्मानित

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सेवानिवृत दिव्यांग शिक्षक एवं समाजसेवी आधार सिंह चौहान पूर्व में राष्ट्रपति अवार्ड विजेता भी है उन्हें अब ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड से समर्थ सेवा संस्थान झालावाड़ द्वारा झालावाड़ में 1 नवम्बर को सम्मानित किया जाएगा।

# पानी बर्बाद करने वालों के अब बनेंगे चालान

## महापौर ने किया ऐलान पहले दी जाएगी समझाइश

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

नगर निगम के द्वारा अब पानी को बर्बाद करने वाले लोगों के चालान बनाए जाएंगे। इसके लिए महापौर के द्वारा घोषणा कर दी गई है। साथ ही यह स्पष्ट कर दिया गया है कि अभी लोगों को समझाइश दी जा रही है। आने वाले समय में चालान बनाकर जुर्माना वसूल किया जाएगा।

इस साल शहर में पानी का जोरदार संकट पैदा होने वाला है। इस संकट को ध्यान में रखते हुए नगर निगम पानी के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में सक्रिय हो रहा है। अब शहर में पानी की बर्बादी रोकने के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मैदान संभाला है। उन्होंने पार्श्वनाथ, विनय नगर, जैन कॉलोनी और लोकमान्य नगर में रहवासियों से संवाद कर पानी का दुरुपयोग रोकने की अपील की। उन्होंने कहा कि नल में आने वाले नर्मदा के पानी से कार या दो पहिया वाहन को धोना या फिर घर के बाहर के स्थान को इस पानी से नली लगाकर धोना इस पानी का दुरुपयोग है। गर्मी के मौसम में पानी की जरूरत बढ़ जाती है। ऐसे में पानी की बर्बादी का नुकसान हम सभी को ही उठाना पड़ेगा। हर घर में पानी का इस्तेमाल जरूरत के मुताबिक



होना चाहिए, ताकि पानी बचाया जा सके और इस पानी का उपयोग आवश्यकता के समय पर किया जा सकें। महापौर ने नगर निगम से जुड़े हुए एनजीओ की टीम को निर्देश दिए कि पानी बर्बाद करने वालों को दो-तीन बार समझाइश दी जाए। इसके बाद भी सुधार नहीं होने पर वीडियो बनाकर नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाएं। इन लोगों का चालान बनाकर उनसे जुर्माने की राशि वसूल की जाएं।उन्होंने आरओ से निकलने वाले वेस्ट पानी को पौधों में डालने, गाड़ी और कपड़े धोने जैसे कामों में दोबारा इस्तेमाल करने की सलाह दी। इससे पीने योग्य पानी की अनावश्यक खपत कम की जा सकती है। एनजीओ की टीम को दीपावली तक अभियान का चार्ट तैयार करने और नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए। जिन स्थानों पर हरी घास दिखाई दे रही है, वहां दो-दो दिन का समय तय कर उसकी कटाई कराने को भी कहा।

# जेसीबी ने फोड़ी नर्मदा पाइप लाइन

## लोगों ने दिखाया गुस्सा, पार्षद को बुलवाया वे भी नहीं पहुंचे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 में वार्ड क्रमांक 14, झोन क्रमांक 16 के अंतर्गत अंबिकापुरी मेन में दुकानों के निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। रहवासियों के अनुसार, यहां पहले तिकोना बगीचा था, जहां अब 6 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। शनिवार को निर्माण के लिए जेसीबी से खुदाई के दौरान नर्मदा जलप्रदाय की पाइपलाइन फूट गई, जिससे पानी निर्माण स्थल के गड्ढों में भर गया और रविवार सुबह वेंकटेश नगर एक्सटेंशन, अंबिकापुरी मेन तथा



अशोक नगर के रहवासियों को नलों में पानी नहीं मिला। पानी नहीं आने पर रहवासियों ने क्षेत्रीय पार्षद अश्विनी शुक्ल को फोन कर शिकायत की। रहवासियों का आरोप है कि समस्या के निराकरण के लिए पार्षद स्वयं मौके पर नहीं पहुंचे और प्रतिनिधि भेजकर औपचारिकता पूरी कर दी। जहां निर्माण हो रहा है वहां चौकीदार भी मालिक का नाम नहीं बताया जा रहा है, केवल ठेकेदार का नाम बताया जा रहा है। अभिषेक गुप्ता ने बताया कि यह निर्माण किसकी स्वीकृति से हो रहा है और इसके जिम्मेदार कौन है। रहवासी कल के बाद आज भी नाराजगी दिखाने रोड पर आए थे। पानी नहीं मिला तो रहवासियों की नाराजगी भी बनी थी। निर्माणकर्ता पर किसी राजनेता का संरक्षण होने की बात भी रहवासियों ने बताई। यह भी कहा कि समीप से ही गैस लाइन भी जा रही है, कभी नर्मदा लाइन की तरह गैस लाइन फूट जाएगी तो दिक्कत खडी हो जाएगी। रहवासी क्षेत्र में दुकानें किसकी स्वीकृति से निकाली गई है इसकी भी ढूंढाई हो रही है, चौकीदार वास्तविक मालिक का नाम बताने में परहेज क्यों कर रहा है। मालिक पर संरक्षण किसका है इसकी पुष्टि भी नहीं हो रही है। रहवासी क्षेत्र में बन रही दुकानों को हटाने की मांग की जा रही है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार, अंबिकापुरी मेन स्थित संबंधित स्थान पर पहले तिकोना बगीचा हुआ करता था, लेकिन अब वहां दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। रहवासियों ने इस निर्माण की वैधता पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि सार्वजनिक उपयोग की जगह पर आखिर किसकी अनुमति से निर्माण कार्य किया जा रहा है?

# 700 छात्राओं का नेत्र परीक्षण चश्मे एवं औषधियां वितरित



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर इलुमिनाटी राउंड टेबल 296 की ओर से समीपस्थ ग्राम बेटमा में शासकीय कन्या उ. मा. विद्यालय में पढने वाली 700 से अधिक बालिकाओं का नेत्र परीक्षण चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों की टीम द्वारा किया गया। परामर्श भी दिया गया। संस्था द्वारा इसी स्कूल में 80 लाख रुपए की लागत से 8 नए क्लासरूम भी बनाए जा रहे हैं। हर्षवर्धन अग्रवाल, पवित्र अगल,पुनीत मुरारका, वरुण बागड़ी, संकेत अग्रवाल, अभिमन्यु नारंग ने अपनी भूमिका इस सेवा कार्य में निभाई।

# त्योहारों की ग्राहकी...बिजली विभाग की मेहरबानी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बीती शाम त्योहारों के चलते बाजारों में भीड़ थी। इसी बीच बत्ती गुल हो गई। कई मिनिटो तक बाजार अंधेरे में डूबे रहे। बर्तन बाजार, बजाज खाना चौक, जवाहर मार्ग, उदापुरा में बत्ती गुल हो गई थी।**



# खेरची पटाखा दुकानों के लायसेंस के लिए कल से आवेदन

## निर्धारित स्थलों पर लगेंगी अस्थाई पटाखा दुकानें, 3 से 8 नवंबर तक की अवधि के लिए जारी होंगे लाइसेंस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

दीपावली पर्व पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए इंदौर जिले में निर्धारित स्थलों पर अस्थाई खेरची पटाखा दुकानों के लाइसेंस जारी किए जाएंगे। इसके लिए आवेदन 27 से 30 अक्टूबर तक अवकाश के दिनों को छोड़कर संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकेंगे। अस्थाई लाइसेंस 3 से 8 नवंबर तक की अवधि के लिए जारी किए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार आवेदन के साथ 10 रुपये का स्टाम्प पेपर, 600 रुपये का चालान तथा गत वर्ष का मूल लाइसेंस प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आवेदक को पासपोर्ट साइज के दो फोटो भी संलग्न करने होंगे। आवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित क्षेत्र के एसडीएम अथवा कार्यपालिक दण्डाधिकारी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लॉटरी के माध्यम से दुकान क्रमांक आवंटित किए जाएंगे तथा लाइसेंस जारी किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के आवेदक भी संबंधित क्षेत्र के एसडीएम कार्यालयों में आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इनमें महू, सांवेर, देपालपुर, खुड़ैल एवं हातोद सहित संबंधित क्षेत्र शामिल हैं। लाइसेंसधारी को अपनी दुकान पर स्वयं व्यापार करना होगा तथा लाइसेंस पर अपना सत्यापित फोटो लगाना अनिवार्य रहेगा। दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जाएगा। लायसेंसधारी को निर्धारित सुरक्षा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। दुकानों के लिए निर्धारित स्थलों पर टीन शेड, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में भी निगरानी रखी जाएगी। ठेकेदारों द्वारा लाइसेंसधारियों से अनावश्यक रूप से अधिक राशि वसूलने पर रोक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्बाइड गन का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। किसी दुकान पर कार्बाइड गन का विक्रय पाए जाने पर लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जाएगा तथा संबंधित व्यक्ति को भविष्य में भी लाइसेंस नहीं दिया जाएगा।

# पटाखा के लिए एक मैदान में 50 से अधिक लायसेंस नहीं

## स्थल निर्धारित, नियमित अधिकारी करेंगे निरीक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अस्थायी पटाखा दुकानों के लिए जगह निर्धारित की गई है। एक मैदान में 50 से अधिक अस्थाई लाइसेंस जारी नहीं होंगे। पटाखा दुकानों का नियमित निरीक्षण संबंधित एसडीएम करेंगे। निर्धारित स्थलों में नूतन स्कूल/चिमनबाग मैदान, हार्डिया कम्पाउंड, पालदा नाका, राऊ क्षेत्र में सिलिकॉन सिटी रोड एवं एबी रोड के आसपास के स्थल, दशहरा मैदान, आईडीए की भूमि ग्राम नैनोद, मालवा मिल क्षेत्र की अनाज मंडी, एमआर-10 चौराहा, संयोगितागंज स्कूल ग्राउंड, ग्राम लिम्बोदी, तेजाजी नगर, ग्राम कैलोद करताल, स्कीम-140, कनाड़िया तथा बंगाली चौराहे के आसपास के स्थल शामिल हैं। इसके अलावा विजय नगर, लसूड़िया क्षेत्र एवं अन्य निर्धारित स्थानों पर भी दुकानों के लिए स्थल चिह्नित किए गए हैं। दुकानों का अंतिम आवंटन संबंधित एसडीएम द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा। आदेश के अनुसार एक मैदान में 50 से अधिक अस्थाई लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे। संबंधित एसडीएम यह सुनिश्चित करेंगे कि पटाखा दुकानें निर्धारित स्थानों पर ही लगें और सुरक्षा संबंधी सभी निर्देशों का पालन हो। देवउठनी ग्यारस के अवसर पर एक दिन के लिए अस्थाई अनुज्ञप्ति दी जा सकती है। यह सुविधा पूर्व में लाइसेंस प्राप्त व्यक्तियों को ही निर्धारित शर्तों के अनुसार 20 नवंबर के लिए उपलब्ध होगी।

# गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना क़ल से

## 6 लीटर से अधिक दूध देने वाली गायों के पालकों को पुरस्कृत किया जाएगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्यप्रदेश में गौपालन करने वाले गोपालकों के लिये गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना शुरू की गई है। इंदौर संभाग के संयुक्त संचालक पशु पालन एवं डेयरी डॉ. मनीष इंगोले ने बताया कि इस प्रतियोगिता के तहत भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिए संभाग में 8 जिलों के कुल 32 वृंदावन ग्रामों में गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना क्रियान्वित की जानी है। इस



योजना का उद्देश्य प्रत्येक वृंदावन ग्राम में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ अधिक दूध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही पशुपालकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। उन्होंने बताया कि पुरस्कार राशि के माध्यम से उन्नत देशी नस्ल की गाय पालन को प्रोत्साहन मिलेगा। इंगोले ने बताया कि इस प्रतियोगिता में वृंदावन ग्रामों के पशुपालकों की देशी नस्ल की गायों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रेष्ठ दुग्ध उत्पादक गाय के पशुपालक को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये प्रदाय किए जायेंगे। वृंदावन ग्रामों के ऐसे पशुपालक जिनके पास भारतीय उन्नत नस्ल गिर, साहिवाल, थारपारकर और मालवी नस्ल की दुधारू गाय है, जिसका दुग्ध उत्पादन 6 लीटर प्रतिदिन अथवा उससे अधिक है, वे पशुपालक आवेदन के पात्र होंगे। यह प्रतियोगिता 27 से 31 अक्टूबर के बीच आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन फार्म विकासखण्ड मुख्यालय पर स्थित पशु चिकित्सालय से प्राप्त किए जा सकेंगे। योजना के तहत रंगवासा, दतोदा, शिवनी और बनेड़िया गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां पात्र पशुपालकों का पंजीयन किया जाएगा और गायों के दुग्ध उत्पादन के आधार पर विजेताओं का चयन होगा।

## शास्त्रीय संगीत का आज शाम, 'स्वर चन्द्रिका' कार्यक्रम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अभिनव कला समाज, श्रुति संवाद संगीत समिति एवं किशोर संस्कृति मंच के संयुक्त तत्वावधान में शरद पूर्णिमा निमित्त शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम 'स्वर चन्द्रिका' का आयोजन आज शाम 7 बजे से अभिनव कला समाज सभागार में आयोजित होगा। इस संगीतमय संध्या में देश के प्रतिष्ठित शास्त्रीय गायकों की सुमधुर प्रस्तुतियाँ होंगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विदुषी नीलिमा छापेकर तथा पं. सज्जनलाल भट्ट का शास्त्रीय और उप-शास्त्रीय गायन होगा। तबला संगत पं. विलास खरगोणकर एवं अनूप राजे पंवार की रहेगी, हारमोनियम पर रवि किल्लेदार एवं तानपुरा पर सहयोग देंगी कीर्ति महाशब्दे एवं पूर्वी सराफ। कार्यक्रम में संगीत क्षेत्र की प्रमुख हस्तियाँ पं. सुनील मसूरकर, पं. प्रकाश शुजालपुरकर, दिलीप मुंगी, विदुषी शोभा चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## महामांगलिक का बड़ा आयोजन



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री वर्धमान स्थानकवासी महासंघ ट्रस्ट स्कीम नंबर 71 के तत्वावधान में, रमणीक कुंवर म सा. दमु की महामांगलिक का आयोजन गार्डन पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार महामंत्र के जाप के साथ प्रारंभ हुआ। सुधीर सेठिया ने बताया कि रमणीक कुंवर मसा ने नवरात्र में 13 दिन की कड़ी साधना के पश्चात 1800 से ज्यादा श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति में महामांगलिक प्रदान की। 700 से अधिक लोगों ने साधना हेतु महासतीजी से यंत्र प्राप्त किए। महेश डाकोलिया, राजेंद्र लोढ़ा, अचल चौधरी, प्रकाश भटेवरा, अनिल बरडिया, प्रकाश मूणत, हसमुख गोलेछा, सुधीर सेठिया, सुभाष वन्यायक्या राजेश भंडारी, रमेश भंडारी, जिनेश्व जैन, सुरेश देशलहरा, हेमंत बोहरा, रितेश कटकानी, विमल तातेड मौजूद थे।



## यारांना ग्रुप द्वारा प्री करवाचौथ उत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महिला संगठन यारांना ग्रुप के तत्वावधान में प्री करवाचौथ सेलिब्रेशन का आयोजन मातृशक्तियों की मौजूदगीमें किया गया। महिलाओं के लिए श्रृंगार, मेहंदी, फैशन शो, बेस्ट ड्रेस प्रतियोगिता एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अर्चना गुप्ता, पीनल भट्ट, लीना चौकसे, चित्रा त्रिवेदी, राशिका नीमा, साक्षी सिन्हा ने अपनी भूमिका निभाई।

## अयोध्या महोत्सव में पहुंचे इन्दौर के जैन समाजजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अयोध्या में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। अयोध्या को जैन धर्म के पांच तीर्थंकरों की जन्मभूमि मानकर यहां पर बडी संख्या में जैन समाजजन पहुंचते है। वयोवृद्ध संत ज्ञानमती माताजी के संयम दिवस और शरद पूर्णिमा महोत्सव पर भारतवर्षीय दिगंबर जैन सर्वजातीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इंदौर से दिगंबर जैन समाज के हंसमुख गांधी, डी. के. जैन, बाहुबली जैन, सुधीर जैन 'सरल' सुदीप जैन,अनिल जैन जेमको आदि समाजजनों ने इंदौर का प्रतिनिधित्व किया। यह जानकारी सुधीर जैन 'सरल' ने दी।

## 350 श्रावक-श्राविका हुए आयम्बिल अराधना में शामिल



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बिजासन रोड स्थित केसरी वाटिका में आयोजित चातुर्मास में जहां संतों मुनि प्रशम विजय म.सा., मुनि डॉ. सिद्धरत्न विजय म.सा. के प्रवचन श्वेताम्बर जैन समाजजन ग्रहण कर रहे है। वहीं शाश्वत नवपद ओलीजी आराधना, आयम्बिल अराधना में 350 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने शिरकत की। राजेश-प्रिया जैन युवा ने उक्त जानकारी दी।

## कई जैन संतों के अवतरण दिवस पर आरती और भक्ताम्बर अनुष्ठान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रमुख जैन संतों का अवतरण दिवस गुरु उपकार दिवस के रूप मे सैटेलाईट जिनालय में मनाया गया। इनमें 108 आचार्य विद्यासागर, म.सा.,108



आचार्य समयसागर म.सा. 105 आर्यिका शिरोमणि ज्ञानमति म.सा.का अवतरण दिवस समस्त सैटेलाईट जैन समाजजनों ने श्री 1008 अतिशयकारी मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन जिनालय में भक्ति के साथ मनाया। संतों की आरती भी की गई। अर्ध्य पर श्रीफल अर्पण किए गए। संगीतमय पूजन, सामूहिक हवन, भक्ताम्बर अनुष्ठान के आयोजन किए गए।

## गोवर्धननाथ हवेली में आज शाम ठाकुरजी के शरद दर्शन

### वैष्णवजन करेंगे गरबा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** यशवंतगंज स्थित गोवर्धननाथ मंदिर की श्री पुष्टिमार्गीय गोवर्धननाथ हवेली में गोस्वामी रुक्मणी जी महाराज की आज्ञा अनुसार ठाकुर जी के विशेष शरद दर्शन आज वैष्णवजनों के लिए शाम 7.30 बजे से होंगे। ठाकुरजी के शयन के बाद रात 8 बजे से मंदिर परिसर में गरबा रास महोत्सव वैष्णवजन के लिए रखा गया है जिनमें विभिन्न समाज एवं संस्थाओं के ग्रुप अपनी प्रस्तुति देगें। कार्यक्रम व्यवस्था वैष्णव मित्र मंडल को सौंपी गई है। उक्त जानकारी नीलेश नीमा डेरी ने दी।



## महाराष्ट्रीयन समाज में परिचय सम्मेलन

### 300 प्रत्याशियों में से कई रिश्ते होने की कगार पर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

संस्था श्री केदार कनेक्शन द्वारा महाराष्ट्रीयन युवक-युवतियों के लिए अखिल भारतीय महाराष्ट्रीयन परिचय सम्मेलन क़ा आयोजन कल जाल सभागृह में किया। 300 युवक-युवती ने शिरकत की। इस परिचय सम्मेलन में कई रिश्तों पर बात शुरू हो गई। आयोजन की जिम्मेदारी महिलाओं ने सम्भाल रखी थी। 'केदार पत्रिका' का विमोचन किया गया। बाहर से भी प्रत्याशी और अभिभावक, समाजजन आए थे। 'मेडिकल कुंडली' सत्र आयोजित किया गया। पारंपरिक कुंडली विद्या के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। प्रत्याशियों ने मंच से परिचय भी दिया। डॉ. शिल्पा जोग, सुषमा अवधूत, वर्षा सुरंगे,वी.जी. पांडे सविता अगाशे, मीनाक्षी कुरकुरे, रोहिणी खानवलकर, मनीषा कुडाणेकर, सीमा मोघे ने अपनी भूमिका निभाई।

## समाजसेवी सागरमल खटोड का दोहरा सम्मान



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी और बालाजी क्षेत्र से जुडे सागरमल खटोड का श्री माहेश्वरी विवाह प्रकोष्ठ सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन शुभारम्भ पर मंच पर सम्मान का आयोजन किया। वहीं हाई-वे क्षेत्र माहेश्वरी समाज द्वारा रावण दहन के दिन बडे आयोजन में शहर के समाजजनों की मौजूदगी में सागरमल खटोड का सम्मान किया गया। युवा प्रकोष्ठ पर कमलनारायण भुराडिया, बसंत खटोड, सत्यनारायण बाहेती सहित अन्य मौजूद थे। वहीं हाई-वे क्षेत्र के सम्मान के दौरान सत्यनारायण मंत्री पप्पू, राजेश गट्टानी, सुनील मालू, श्याम सारडा, राजेश मूंगड़, भरत तोतला सहित अन्य समाजजन और मातृशक्तियां मौजूद थी।

## पुरस्कार वितरण में जल संरक्षण का संकल्प



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गणेश नगर स्थित माँ आदिशक्ति गरबा मंडल द्वारा शरद पूर्णिमा महोत्सव कल मनाया। कृति कुशवाह ने बताया कि गरबा में प्रस्तुति देने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। जल संरक्षण करने को लेकर बालिकाओं और मौजूद लोगों को संकल्प दिलाया गया।



## पेंशनर एसोसिएशन का दशहरा मिलन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन का दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया। ताराचंद व्यास, मुकेश शर्मा, पप्पी विजय पाटीदार, भारती राजेश मंडले, सुरेन्द्र मंडले, भगवतीप्रसाद पंडित, शिवनारायण डींगू, आर.के. शुक्ला, सुनील वर्मा, मंजुला मुकाती, करुणकुमार उपाध्याय, सौभागसिंह ठाकुर, मोहनदास बैरागी, नरेन्द्रसिंह टाकुर, देवीसिंह बारूपाल उपस्थित थे।

# गुरु टेकचंद महाराज का समाधि महोत्सव

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज देपालपुर द्वारा गुरु टेकचंद महाराज का समाधि महोत्सव का आयोजन दामोदर भवन भरावा सेरी में किया गया। चल समारोह भी निकाला गया जो धर्मशाला से भ्रमण करता हुआ दर्जी समाज धर्मशाला भरावासेरी पहुंचा। बालिकाओं ने चल समारोह में गरबा भी किया। जगह-जगह समाजजनों ने टेकचंद महाराज का सम्मान किया। धर्मशाला पर महाआरती की गई। रामेश्वर नकुम,राजेश परिहार, उमेश चौहान, राकेश गोयल, कमल चौहान, नीलेश चौहान, राजा चौहान, मुकेश चौहान रंगा, डॉ. राजेन्द्र चौहान, सोहनलाल परमार, रामकिशन परमार, गोवर्धनलाल चौहान, संजय चौहान, नितिन गोयल, रमेशचंद्र सोलंकी, जगदीश सोलंकी, सुनील सोलंकी, अनिल सोलंकी, महेश चौहान, जितेन्द्र नायक, राज नायक, अशोक सोलंकी, नरेन्द्र सोलंकी मौजूद थे। कई राजनेताओं ने भी शिरकत की।



## खंडेलवाल महिला ग्रुप ने दी प्रस्तुति

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** खंडेलवाल स्मार्ट लेडी सोशल ग्रुप द्वारा होटल में राधा-कृष्ण महारास एवं गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रासलीला भी रचाई। हॉल में वृंदावन जैसा माहौल बनाया। सामूहिक गरबा रास, रासलीला, भक्ति नृत्य की प्रस्तुतियां हुई। शिवानी धामानी, पूजा, संगीता, सीमा, रिंकू, टीना शाहरा, रश्मि गुप्ता, शीला गुप्ता, वर्षा सामरिया, नीता, निशा बटवाड़ा, जया बनावड़ी ने अपनी भूमिका निभाई।

# सरयूपारीण महिला समिति को सफलता



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विश्व ब्राह्मण संघ द्वारा हंसदास मठ में आयोजित गरबा प्रतियोगिता में तुलसीदास सरयू पारीण ब्राह्मण महिला समिति को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस सफलता में रश्मि तिवारी, डॉ. रजनी, रेखा त्रिपाठी, जागृति दुबे, अनिता मिश्रा, ममता दुबे, मीना पांडे, रिंक्की दुबे, संध्या पांडे, सोना द्विवेदी, वंशिका तिवारी, मोना शुक्ला, पंकजा तिवारी, पुष्पलता द्विवेदी, महक पांडे की भूमिका प्रमुख रही।



## लोधा समाजजनों ने किया कन्या पादपूजन और भोज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** लोधा समाज उत्सव समिति अध्यक्ष शिव कौतुल ने बताया कि नवरात्रि के बाद कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में कन्याओं ने भोज में शिरकत की उन्हें श्रीफल भी भेंट किए गए। शिव कौतुल, बहादुर मंजे, राजू वर्मा, बबलू जमदार, कमल जाट सहित अन्य मौजूद थे।

# कुमावत सखी महिला मंडल का आयोजन

## पारंपरिक वेशभूषा में पहुंची महिलाएं

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



क्षत्रिय कुमावत सखी महिला मंडल द्वारा रिसॉर्ट पर शरद पूर्णिमा पर विभिन्न आयोजन करवाए गए। पारंपरिक गरबा ड्रेस थीम पर शरद पूर्णिमा मनाई गई। इस अवसर पर सामूहिक रास, बेस्ट गरबा लुक बेस्ट डांडिया डेकोरेशन और मिस एंड मिसेज बेस्ट गरबा लुक जैसी प्रतियोगिताओं के साथ कई मनोरंजक खेल संपन्न हुए। कार्यक्रम के समापन से पूर्व मंडल ने वरिष्ठ सदस्याओं को मंच पर सम्मानित किया। उषा कुमावत ने वर्ष भर के आयोजन की जानकारी दी। आशा कुमावत, उमा कुमावत, बरखा कुमावत, किट्टू कुमावत, भारती कुमावत, इंदु कुमावत सुलोचना कुमावत, मेघना कुमावत, विमला कुमावत, वंदना कुमावत, शोभा कुमावत, सोनी कुमावत, सरिता कुमावत, रंजना कुमावत, सुमन कुमावत की भूमिका महत्वपूर्ण रही।



## कैंसर जागरूकता पर रैली

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन इंदौर व स्त्री रोग विशेषज्ञ संगठन द्वारा ब्रेस्ट केंसर जागरूकता के लिए राजवाडे से रैली का आयोजन किया गया। कैंसर से लडने का सही कदम जागरूकता और सही जांच बताया गया। पुरुष चिकित्सक और महिला चिकित्सक ने आम लोगों को पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया। पोस्टर पर लिखा था शर्म हटाओ, डर भगाओ, अफवाहों को दूर भगाओ, लक्षण दिखे तो जांच कराओ अपनी जिंदगी खुद बचाओ। राजवाडा से आवाज उठेंगी, हर घर तक यह बात पहुंचेगी। डॉक्टर्स द्वारा नुक्कड नाटक भी किया गया। डॉ. विनीता कोठारी, डॉ. जयश्री श्रीधर, डॉ. दीपाली मित्तल, डॉ. दिलीपकुमार आचार्य, डॉ. संजय लौंढे, डॉ. मिलिंद शाह, डॉ. भूपेंद्र शेखावत, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. नीरजा पुराणिक, डॉ. रायसिंघानी सहित 200 से अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया।

# मां दुर्गा का दरबार सजाया

## कन्या पूजन और उपहार भी दिए



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** गौतम आश्रम में ओम शिव शक्ति महिला अन्नपूर्णा मंडल की मातृशक्तियों ने मां की ज्योत जलाई जिससे आश्रम जगमगाया, दरबार भी सजाया गया, कन्याओं का पाद पूजन किया और उपहार भी दिए और कन्या भोज का आयोजन भी हुआ। मातृशक्तियों ने डांडिया की प्रस्तुति दी, एक-दूसरे को कुमकुम लगाकर दुपट्टा ओढ़ाया। सुमित्र शुक्ला ने बताया कि कई संकल्प भी मातृशक्तियों को दिलाए।

## राठौर तीर्थ धाम निर्माण के लिए निकली प्रभु यात्रा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** राठौर तीर्थ धाम उज्जैनिया के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उद्देश्य से इंदौर से प्रभु लड्डू गोपाल एवं राधा रानी सरकार की प्रवास यात्रा निकाली गई। भगवान को श्रृगारित कर छप्पन भोग लगाए, प्रसादी का आयोजन भी किया गया। नरेन्द्र राठौर, विनोद राठौर, रामनारायण राठौर, विनोद राठौर दादा, हरीश राठौर, राजेश सोलंकी, विजय राठौर, अशोक राठौर, सुनिता राठौर, किरण राठौर, कृपा राठौर मौजूद थे।



## नेमा समाजजन गरबा में रहे मौजूद



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नेमा समाजजनों ने कल नेमा धर्मशाला मालगंज और कीमती गार्डन में अलग-अलग रास गरबा का आयोजन किया। मातृशक्तियों ने भी शिरकत की।

# अगले साल खत्म होगी संकाय बदलकर यूजी और पीजी में एडमिशन लेने की व्यवस्था

## औपचारिकता बनी नई व्यवस्था, तैयारी शुरू

**इंदौर।** कॉलेजों में संकाय बदलकर यूजी और पीजी कोर्स में एडमिशन लेने वाले छात्रों को अगले साल से लीड कॉलेज में पहुंचकर पात्रता प्रमाण पत्र नहीं बनवाना होगा, न इंटरव्यू होगा क्योंकि नई व्यवस्था पूरी तरह औपचारिकता बन गई थी। जानकारी के अनुसार या तो यह व्यवस्था ही खत्म होगी या फिर प्रवेश परीक्षा की अनिवार्यता भी की जा सकती है। हालांकि ज्यादातर शिक्षाविद इस औपचारिकता को ही बंद करने के पक्ष में है।

**यह हुआ था लागू-** पीजी एडमिशन में जिन छात्रों को संकाय बदलकर (जैसे बीकॉम के छात्र को एमए में एडमिशन लेना हो) या फिर मैजर-माइनर विषय से हटकर किसी अन्य विषय में पीजी करना हो तो पहले प्रवेश परीक्षा का निर्णय हुआ था। फिर 2026-27 सत्र में इस बार तय हुआ था कि 55 जिलों में छात्र लीड कॉलेज में पहुंचकर इंटरव्यू दे सकेंगे। लीड कॉलेजों की सूची वेबसाइट पर जारी होगी। वहीं 12 वीं के वे छात्र जिन्हें संकाय बदलकर या फिर मुख्य विषय से



हटकर किसी अन्य स्पेशलाइजेशन में ग्रेजुएशन करने पर भी उन्हें भी प्रवेश परीक्षा नहीं देना पड़ी। उन्हें भी सिर्फ लीड कॉलेज पहुंचकर इंटरव्यू ही देना था। उदाहरण के लिए 12 वीं कॉमर्स से करने वाले छात्र को अगर बीकॉम की जगह बीए करना था तो उन्हें यह इंटरव्यू देना था। कॉलेजों में यूजी- पीजी में एडमिशन के लिए पूरे प्रदेश में यही कॉमन व्यवस्था लागू रही। उज्जैन यूनिवर्सिटी को इसका जिम्मा सौंपा गया था।

### क्या जवाब देना थे

इंटरव्यू में छात्रों को संकाय बदलने से जुड़े पहलूओं व जिस कोर्स में एडमिशन लेना है, उससे जुड़े कुछ बेसिक सवालों के जवाब देना थे। इंटरव्यू क्लीयर करने के बाद जो छात्र पात्र माने गए थे, उन्हें लीड कॉलेज की तरफ से पात्रता प्रमाण-पत्र मिला। आनलाइन एडमिशन प्रक्रिया के दौरान मार्कशीट व अन्य दस्तावेजों के साथ यह इन छात्रों को यह प्रमाण-पत्र भी स्कैन करना था। उसी आधार पर उन्हें मेरिट के अनुसार कॉलेज अलॉट हुआ। एडमिशन प्रक्रिया में रजिस्ट्रेशन व च्वाइस फिलिंग व मेरिट के आधार पर कॉलेज अलॉट हुआ था। कॉलेजों में एडमिशन के लिए दस्तावेज सत्यापन से लेकर रजिस्ट्रेशन तक की पूरी प्रक्रिया वैसी ही थी।

# पूर्व मंत्री दत्तीगांव का महाशक्ति प्रदर्शन, दशहरा मिलन के बहाने उमड़ा समर्थकों का सैलाब

## केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर भी मंच पर रही मौजूद

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** बदनावर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संदला में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने एक विशाल दशहरा मिलन समारोह का आयोजन कर अपनी राजनैतिक ताकत का अहसास कराया है। त्योहार के बहाने आयोजित इस कार्यक्रम को दत्तीगांव का एक बड़ा राजनैतिक शक्ति प्रदर्शन माना जा रहा है, जिसमें बदनावर सहित पूरे धार जिले से हजारों की संख्या में समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे, इस भव्य आयोजन में जिलाध्यक्ष नीलेश भारती और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर की मौजूदगी ने और अधिक खास बना दिया। मंच पर केंद्रीय मंत्री और क्षेत्र के कद्दावर नेता दत्तीगांव की एक साथ मौजूदगी ने स्थानीय राजनीति में नए समीकरणों को



हवा दे दी है, ग्राम संदला स्थित पाटीदार समाज धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। रविवार सुबह 11 बजे से ही बदनावर क्षेत्र के कोने-कोने से ग्रामीणों और समर्थकों का काफिला आयोजन स्थल की ओर बढ़ने लगा था,दोपहर होते-होते जनसैलाब इस कदर उमड़ा कि धर्मशाला परिसर छोटा पड़ गया और पैर रखने तक की जगह नहीं बची। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर का पूर्व मंत्री दत्तीगांव और स्थानीय नेताओं ने भव्य स्वागत किया। सावित्री ठाकुर की उपस्थिति ने यह साफ कर दिया कि संगठन और केंद्रीय नेतृत्व में दत्तीगांव का राजनैतिक प्रभाव आज भी बेहद मजबूत है।

राजनैतिक पंडितों का मानना है कि चुनाव के बाद बदनावर में यह अब तक का सबसे बड़ा और आक्रामक राजनैतिक जमावड़ा है। दत्तीगांव ने एक ही झटके में यह साबित कर दिया है कि बदनावर का किंग मेकर कौन है। चर्चा है कि इस शक्ति प्रदर्शन के जरिए दत्तीगांव ने प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व को अपनी जमीनी ताकत का मजबूत संदेश भेजा है,राजनीति के जानकारों का मानना है कि चुनाव के बाद शांत दिख रही बदनावर की राजनीति में दत्तीगांव का यह आयोजन एक नया मोड़ ला सकता है। दशहरा मिलन के बहाने हजारों समर्थकों को एक मंच पर लाना यह दर्शाता है कि दत्तीगांव क्षेत्र में अपने वर्चस्व और पकड़ को किसी भी स्तर पर कम नहीं होने देना चाहते। इस बड़े राजनैतिक जमावड़े के बाद अब धार जिले की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। वही नेताओं ने मंच से कार्यकर्ताओं का आभार जताया और आगामी दिनों में एकजुटता के साथ काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी आगंतुकों के लिए विशाल भोजन प्रसादी का भी प्रबंध किया गया था।



# बाग प्रिंट कला श्रीलंका में बिखेरेगी अपनी छटा

## धार के शिल्पकार मोहम्मद आरिफ खत्री को 'सीलोन क्राफ्ट वीक में भागीदारी का आमंत्रण

**धार (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** धार जिले के बाग के शिल्पकार मोहम्मद आरिफ खत्री को श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित होने वाले 'इंडो-श्रीलंका सीलोन क्राफ्ट वीक' अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प व्यापार मेले में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित होगा। खत्री की भागीदारी से मध्यप्रदेश की विश्वप्रसिद्ध बाग प्रिंट कला को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने और भारतीय पारंपरिक शिल्प की विशिष्टता को श्रीलंका के दर्शकों तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा। प्राकृतिक रंगों, पारंपरिक तकनीकों और विशिष्ट छपाई शैली के लिए पहचान रखने वाली बाग प्रिंट कला मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# खुले मे ना फेंके कचरा. डोर टू डोर कचरा वाहनों का एवं डस्टबिन का उपयोग करे...

**खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि ललित खेड़े)।** लगातार स्वच्छता अभियान...स्वच्छता सर्वेक्षण...में नगर पालिका स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधीकारी के पद पर खरगोन शहर मे पिछले छह-सात माह से प्रकाश चित्ते



की सराहनीय पहल से, खरगोन शहर को स्वच्छय सुंदर हरित. हरियाली को लेकर सतत प्रयास. किए जा रहे है। लगातार ग्राउंड पर कार्य करना और स्वच्छता को लेकर साफ-सफाई कार्य के लिए सफाई कर्मचारियो की टीम के सतत प्रयास से कार्य कर स्वच्छय सुंदर खरगोन शहर को बनाने के लिए प्रयास किए जाते रहे है।

**शहर रहेगा साफ तो बीमारियां पनपने से बचा जा सकता है**

**इनका कहना है -** शहर मे डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहन चलते है। डस्टबिन भी लगे है। फिर भी कई बार देखा गया है कि कचरा खुले मे फेंक रहे है। जब कि सोचना चाहिए. खुले मे कचरा फेकने से बिमारियों पनपती है मच्छर, मक्खीयां और भी कई बिमारियो को पनपने का कारण बन सकता है। बदबूदार कचरा खुले मे फेकने एवं पड़े रहने से आम-जन को बदबूदार कचरे की बदबू से परेशान होना पड़ता है। खुले में कचरा ना फेंके और कचरा गाड़ी एवं डस्टबिन का उपयोग करे। खुले में कचरा फेंकने को लेकर कार्यवाई की जायेगी। यह नगर पालिका स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी प्रकाश चित्ते का कहना है।

# एचएचएमडी के जरिये कैबिन में होगी महिला अभ्यर्थियों की तलाशी

## ट्रांसजेंडर चुन सकेंगे विकल्प, एमपी पीएससी की बड़ी परीक्षा 1 को, 30 हज़ार अभ्यर्थी शामिल होंगे

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की रविवार को होने जा रही एडीपीओ भर्ती परीक्षा में भी अभ्यर्थियों की चेकिंग कैबिन में होगी। महिला अभ्यर्थियों के लिए महिला स्टाफ तैनात रहेगा। एचएचएमडी यानी हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर चेकिंग होगी। महिला अभ्यर्थियों की चेकिंग विशेष कैबिन में होगी। इसके जरिये महज तीन सेकंड में अभ्यर्थियों के पास मौजूद कोई भी स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, मोबाइल या कोई भी नकल सामग्री पकड़ में आ जाएगी। ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को यह मौका मिलेगा कि वे यह चुनाव कर सकें कि उनकी चेकिंग महिला स्टाफ करे या पुरुष। एग्जाम में 30 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में सेंटर बनाए गए हैं। 107 पदों के लिए दोपहर 12 से 3 एग्जाम होगी।

### ऐसे होगी पूरी एग्जाम

पीएससी ने परीक्षा से ठीक तीन दिन पहले विस्तार से गाइडलाइन तैयार कर ली है। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा स्थल पर एक सूची चस्पा रहेगी, जिसमें लिखा होगा कि उन्हें क्या चीजें नहीं ले जाना हैं और वे क्या चीजें ले जा सकते हैं। परिवेक्षक हाथ में पकड़े जाने वाले इस उपकरण के जरिये उम्मीदवार की चेकिंग करेंगे।

### ये होगा एग्जाम से पहले

- 90 मिनट पहले सेंटर पर पहुंचना होगा।
- अगर उम्मीदवार कोई भी डिजिटल वस्तु छिपाकर लाया होगा तो बीप बजेगी।
- प्रति अभ्यर्थी बमुश्किल 5 से 8 सेकंड का समय लगेगा।
- परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के साथ ही बाकी प्रक्रिया से भी गुजरना होगा।
- प्रवेश द्वार पर लगी सूची (इसमें लिखा होगा कि क्या चीजें प्रतिबंधित हैं) पढ़ना होगी।
- फिर एक काउंटर रहेगा, जहां परीक्षार्थी मोबाइल व अन्य वस्तुएं जमा कर टोकन ले सकेंगे।
- ई-प्रवेश पत्र की स्केनिंग मशीन के जरिये होगी।
- आईरीस बॉयोमेट्रिक आथेंटिकेशन-फेस रिकग्निशन की प्रक्रिया होगी।

### पीएससी की यह परीक्षा ज्यादा चुनौती वाली

परीक्षा में भी अभ्यर्थियों के लिए निगेटिव मार्किंग है। पीएससी के जानकार कहते हैं कि निगेटिव मार्किंग सबसे बड़ा बदलाव है। एक भी गलती से सीधे मेरिट पर असर पड़ेगा। इसलिए जिन सवालों के जवाब बिलकुल नहीं आते, उन्हें छोड़ भी सकते हैं। इस बार प्रतिस्पर्धा इसलिए भी ज्यादा रहेगी, क्योंकि पद कम और अभ्यर्थियों की संख्या पिछले साल से कुछ ज्यादा है।

## संपादकीय

### अरुणाचल में आमने-सामने आईं भारत-चीन की सेनाएं, LAC पर तनाव के बीच नई दिल्ली के लिए क्या हैं संकेत?

भारत-चीन के रिश्तों में सुधार की कोशिशों के बीच अरुणाचल प्रदेश में LAC पर दोनों देशों के सैनिकों के आमने-सामने आने की जानकारी सामने आई है। ITBP के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के बयान से सीमा पर तनाव की स्थिति उजागर हुई है। ऐसे घटनाक्रम कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर कर सकते हैं। भारत और चीन के रिश्तों में हाल में सुधार के कई संकेत दिए गए, लेकिन अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों की सेनाओं का कुछ मौकों पर आमने-सामने आना इन प्रयासों पर सवाल खड़े करता है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर ने एक कार्यक्रम में बताया कि यह स्थिति अब भी कायम है। अरुणाचल के संदर्भ में पहली बार सार्वजनिक रूप से यह जानकारी सामने आई है। **सुलह के प्रयास:** अरुणाचल प्रदेश पर चीन का एकतरफा दावा पुराना है। वह अपनी तरफ से इलाकों के नाम बदलने की चाल भी चलता रहता है। लेकिन, इस साल जुलाई में ऐसी खबरें आई थीं कि राज्य के ऊपरी सुबनसिरी जिले के ताक्सिंग क्षेत्र में भारतीय और चीनी सेनाएं आमने-सामने आ गई हैं। हालांकि तब इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। अगस्त में ऋिं अजीत डोभाल सीमा विवाद को लेकर होने वाली बातचीत में हिस्सा लेने के लिए चीन गए, जबकि सितंबर में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत का दौरा किया। **भरोसे की कमी:** जून 2020 में गलवान की झड़प के बाद दोनों देशों में जो दूरी आई थी, वह हालिया संवादों से थोड़ी कम हुई है। लेकिन, अरुणाचल जैसी घटनाएं भरोसे को कम करने वाली हैं। इसकी वजह से कूटनीतिक प्रयास कमजोर पड़ सकते हैं। **प्रोटोकॉल का पालन:** दोनों देशों के बीच बातचीत का निर्धारित मैकेनिज्म है और मुद्दों को सुलझाने का पहले से तय प्रोटोकॉल। यह कोशिश होनी चाहिए कि मामला आगे न बढ़े। गलवान जैसा टकराव दोनों में से कोई पक्ष नहीं चाहेगा। उसके बाद बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती करनी पड़ी थी और बात शुरू करने में फिर करीब 5 साल लग गए। अब भी दोनों तरफ के सैनिक पीस लोकेशन पर वापस नहीं आए हैं और इस बारे में लगातार बातचीत चल रही है। **ताकत भी बढ़ाइए:** किसी नए मोर्चे पर हजारों सैनिक तैनात करना, साजो-सामान पहुंचाना बेहद खर्चीला और दुरुह कार्य है। इससे इकॉनमी पर भी दबाव बढ़ता है, जो मौजूदा भू-राजनीति की वजह से पहले ही मुश्किलों में है। वहीं, ध्ऊँइ महानिदेशक के बयान का एक सबक यह भी है कि भारत को सेना के आधुनिकीकरण का काम तेजी से करना होगा। सैन्य ताकत केवल लड़ने के लिए नहीं, वार्ता की मेज पर अपना पक्ष मजबूती से रखने के लिए भी जरूरी है।

# जुनैद ने रवि बनकर की शादी... बच्चे के खतना का बनाया दबाव, केस दर्ज

### पीड़िता ने हिंद रक्षक संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ जाकर की पुलिस को शिकायत

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में पहचान छिपाकर शादी करने और बाद में महिला व उसके मासूम बच्चे पर धर्मांतरण का दबाव बनाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को हिंदू बताकर महिला को प्रेम जाल में फंसाया था। प्रताड़ना से परेशान होकर पीड़िता ने हिंद रक्षक संगठन की मदद ली और थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने मुख्य आरोपी पति और उसके भाई के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

एरोड्रम थाना प्रभारी मनोज सेंधव के मुताबिक, आरोपी जुनेद निवासी मुकेरीपुरा, जो ऑटो रिक्शा चलाता है के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने अपनी असली पहचान छिपाकर खुद को रवि बताया था और इसी झूठी पहचान के आधार पर उसके साथ विवाह किया था। शादी के तीन साल बीत जाने और एक बच्चा होने के बाद आरोपी ने अपनी वास्तविक धार्मिक पहचान उजागर की। सच्चाई सामने आने के बाद आरोपी पति और उसके परिवार द्वारा महिला पर लगातार मानसिक और शारीरिक दबाव बनाया जाने लगा। आरोप है कि पति और उसके देवर मिलकर महिला पर धर्म परिवर्तन करने तथा उनके बच्चे के खतना कराने का दबाव डालने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाती थी।तंग आकर पीड़िता ने हिंदू संगठनों से संपर्क किया और उनकी सहायता से एरोड्रम थाने पहुंची। पुलिस ने महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तुरंत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इस षड्यंत्र में और कौन-कौन लोग शामिल थे।

# साइबर ठगों ने बैंक खाते से उड़ाए 1 लाख रुपए

**इंदौर।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। शातिर ठगों ने एक युवक के बैंक खाते में सेंध लगाकर करीब 1 लाख रुपए पार कर दिए। पीड़ित को बैंक स्टेटमेंट देखने के बाद धोखाधड़ी का पता चला, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह ऑनलाइन फ्रॉड प्रकाश का बगीचा निवासी मोहम्मद इमरान पिता मोहम्मद युसुफ के साथ हुआ। फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 सितंबर को उनके खाते से अचानक 4,999 रुपए कट गए। इसके बाद 3 अक्टूबर को अन्य ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 99,999 रुपए और डेबिट हो गए। जब पीड़ित ने बैंक का स्टेटमेंट निकलवाकर चेक किया, तो उनके साथ हुई इस बड़ी ठगी का खुलासा हुआ। रावजी बाजार पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पैसों का ट्रेल खंगाल रही है।

# कुख्यात बदमाश भय्यू सुरीला पर एक और एफआईआर दर्ज

**इंदौर।** चंदन नगर और खजराना थाना क्षेत्रों में आतंक का पर्याय बन चुके कुख्यात बदमाश एहसान उर्फ भय्यू सुरीला के खिलाफ पुलिस ने एक और केस दर्ज किया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर है और फरार रहते हुए लगातार धमकियां दे रहा है।

**लिव-इन पार्टनर को बेटी की हत्या की धमकी देकर बना रहा था दबाव**

भोपाल की मूल निवासी एक महिला अपनी बेटी के साथ हारून नगर चंदन नगर में रहती है। वह पूर्व में कुख्यात बदमाश भय्यू सुरीला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह चुकी है, लेकिन उसके जेल जाने के बाद उसने उसका घर छोड़ दिया था।?महिला का आरोप है कि जेल में रहने के दौरान भी भय्यू उसे लगातार प्रताड़ित करता था। जमानत पर बाहर आने के बाद वह उस पर दोबारा साथ रहने का दबाव बनाने लगा। करीब एक माह पहले उसने चंदन नगर इलाके में महिला के परिचित मुंहबोले भाई समीर के साथ मारपीट भी की थी, जिस पर चंदन नगर थाने में पहले ही केस दर्ज है।हाल ही में जब पीड़िता अपने परिजनों के साथ खजराना की तरफ जा रही थी, तभी ताज नगर मेन रोड पर आरोपी भय्यू सुरीला ने उन्हें रोक लिया। उसने महिला पर जबरन साथ चलने का दबाव बनाया और बात नहीं मानने पर उसकी बेटी को जान से खत्म करने की धमकी दी।फरार चल रहे इस शातिर बदमाश की तलाश में पुलिस जुटी हुई है, लेकिन वह हाथ नहीं आ रहा है। आरोप है कि उसने सोशल मीडिया के जरिए इंदौर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भी चेतावनी भरे ऑडियो-वीडियो संदेश भेजे हैं। एहसान उर्फ भय्यू सुरीला के खिलाफ पूर्व में हत्या और लूट जैसे कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

# ठंड चमकते ही बाजार में 'जाम' फल की भी शुरू हो गई आवक

### 100 से 130 रुपए किलो है भाव

**इंदौर।** इन दिनों हल्की गुलाबी ठंड चमकते ही बाजार में जामफल की आवक भी शुरू हो गई है। चोईथराम थोक मंडी में अभी रोजाना दो से तीन गाड़ी जाम की आवक हो रही है। इसके अलावा देशी कश्मीरी सेवफल की जबरदस्त आवक होने से सेब अभी सबसे कम भाव बिक रहा है। यही नहीं जहां जाम शुरुआत की आवक होने से 100 से 130 रुपये किलो बिक रहा है वहीं सेवफल की कश्मीर से बंपर आवक होने से छोटे साइज में मीडियम क्वालिटी का भाव 70 से 100 जबकि बड़े साइज में बेस्ट क्वालिटी एपल 120 से 150 रुपए किलो के भाव आसानी से मिल रहा है। जबकि हर साल एपल कम आवक से महंगा बिकता था। लेकिन इस बार जबरदस्त आवक से भाव हर आम आदमी की पहुंच में है। **100 से 120 रुपए किलो के भाव मिल रहा एपल-** वर्तमान में खेरची बाजार में कहीं 100 से 120 रुपए किलो तो कहीं 150 से 170 रुपए किलो तक बेस्ट क्वालिटी का एपल भी बिक रहा है। इसके अलावा सीताफल की भी अच्छी खासी आवक हो रही है। सीताफल भी 100 से 130 रुपए किलो क्वालिटी अनुसार मिल रहा है। वहीं इस बार दीपावली से पहले सीताफल की अच्छी आवक से अभी दाम कम है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 144700 | 142800 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 199100 | 196500 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# पीडब्ल्यूडी अब 4 किमी लंबी मुख्य सड़क का करेगा निर्माण

### 3 करोड़ पैंतीस लाख से ज्यादा खर्चकर दीपावली बाद शुरू होगा काम

**इंदौर।** लोक निर्माण विभाग शहरी क्षेत्र के लक्ष्मीबाईनगर से छोटा बांगड़दा होते हुए बुढ़ानिया, पालाखेड़ी, लिम्बोदागरी और सोनगिर रोड को जोड़ने वाली करीब 4 किमी लंबी मुख्य सड़क का निर्माण कार्य शुरू करेगा। जिसको लेकर पीडब्लूडी अफसरों ने अपनी ओर से निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू कर दी है।जिसके तहत अगले माह दीपावली बाद 15 नवंबर के आसपास टेंडर संबंधित सभी विभागीय प्रक्रिया पूरी होगी। जिसके बाद निर्माण से जुड़ी तमाम तैयारियां भी जल्द शुरू कर दी जाएगी।

लंबे समय से क्षेत्र के लोग कर रहें थे निर्माण की मांग



गौरतलब है कि देपालपुर और सांवेर विधानसभा को जोड़ने वाले आधा दर्जन प्रमुख गांवों के साथ लक्ष्मीबाई नगर और छोटा बांगड़दा के शहरी क्षेत्र से जुड़ी लगभग चार किमी लंबी इस मुख्य सड़क के निर्माण के लिए लम्बें समय से क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण रहवासी परिवार लगातार जनप्रतिनिधियों से इसके निर्माण की मांग कर रहे थे। लेकिन लंबे समय से मंजूर सड़क निर्माण को लेकर कई तरह की तकनीकी बाधाएं और शासन की ओर से मंजूरी नहीं मिलने से अब तक काम शुरू नहीं हो पाया था। वहीं अब अगले माह दीपावली के बाद बेहद जल्द दो विधानसभा से जुड़ी इस लगभग 3 करोड़ पैंतीस लाख बानवे हजार की लागत से आधा दर्जन प्रमुख गांवों को आपस में जोड़ने वाली इस मुख्य सड़क का निर्माण कार्य आने वाले दिनों में जल्द शुरू होगा। जिसको लेकर वर्तमान में टेंडर संबंधित प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं अब अगले माह में दिवाली बाद निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। जिसको लेकर अफसरों द्वारा पूरी प्लानिंग के साथ विभागीय तैयारियां शुरू हो गई है।

# नर्मदा का जलस्तर घटा, इंदौर में गहराने लगा जल संकट

## जलूद से सप्लाई बनाए रखने के लिए महापौर ने सीएम को लिखा पत्र
## महापौर बोले इंदौर की जलापूर्ति प्रभावित नहीं हो ऐसी व्यवस्था लागू करें

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कम बारिश और ओंकारेश्वर डैम में पानी का औसत स्तर घटने से इंदौर में जल संकट गहराने की आशंका बढ़ गई है। डैम से लगातार पानी नहीं छोड़े जाने के कारण नर्मदा नदी का जलस्तर कम हो रहा है। इसका असर जलूद में पानी की पंपिंग पर पड़ रहा है, जिससे शहर की जल वितरण व्यवस्था प्रभावित होने की चिंता बढ़ गई है। हालात को देखते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर डैम से नियमित रूप से पानी छोड़ने की व्यवस्था करने का आग्रह किया है। दूसरी ओर, शहर में पानी की किल्लत को लेकर पार्षदों की ओर से भी चिंता जताई जा रही है। एक पार्षद ने लोगों से कहा कि टैंकर भरे होंगे, तभी पानी मिल सकेगा।

इंदौर से करीब 80 किलोमीटर दूर खरगोन जिले के मंडलेश्वर क्षेत्र के जलूद गांव से नर्मदा का पानी शहर तक पहुंचता है। यहां से प्रतिदिन करीब 450 एमएलडी पानी इंदौर और महू में सप्लाई किया जाता है। शहर की पेयजल व्यवस्था का बड़ा हिस्सा इसी पर निर्भर है। ऐसे में नदी का जलस्तर घटने से पंपिंग में परेशानी होना सप्लाई के लिए चुनौती बन रहा है।

### डैम से रोज पानी छोड़ने का आग्रह

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि आगामी समय में नर्मदा का जलस्तर कम न हो और इंदौर की जल व्यवस्था प्रभावित नहीं हो, इसके लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। इसमें नर्मदा विकास प्राधिकरण को निर्देश देने का आग्रह किया गया है, ताकि डैम से नियमित रूप से पानी छोड़ा जाए और नदी में पंपिंग के लिए सामान्य जलस्तर बना रहे। इससे इंदौर और महू की जलापूर्ति बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### पार्षद बोले- टैंकर भरे होंगे, तभी मिलेगा पानी

शहर में जल संकट की आशंका के बीच टैंकरों से होने वाली जलापूर्ति को लेकर भी चिंता सामने आई है। एक पार्षद ने जनता से कहा कि टैंकर भरे होंगे, तभी पानी मिल सकेगा। इस बयान से उन इलाकों में चिंता बढ़ सकती है, जहां जरूरत पड़ने पर टैंकरों के जरिए पानी पहुंचाया जाता है। यदि नर्मदा का जलस्तर लगातार घटता रहा और डैम से पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा गया, तो आने वाले दिनों में जल वितरण व्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। ऐसे में नियमित जलापूर्ति बनाए रखने के लिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है।

# मंदसौर रॉयल की धमाकेदार जीत

## एमपीकेसीएल में प्रदेश भर की 32 टीमें कर रही शिरकत

**इंदौर।** प्रारंभिक मुकाबले में मंदसौर रॉयल ने श्रीराम इलेवन सिमरोल को आसानी से पराजित कर एमपी कुमावत क्रिकेट लीग में जीत के साथ आगाज किया । समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय समाजसेवी नानुराम कुमावत के संयोजन में आयोजित यह स्पर्धा देश और प्रदेश के इतिहास में पहली बार हो रही है, जहाँ कुमावत समाज के हजारों लोग एक ही मंच पर एकत्र हो रहे हैं।



यह टूर्नामेंट 25 अक्टूबर से 1 नवंबर तक बाईपास स्थित भंडारी फार्म के पीछे युग क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में खेला जा रहा है। आयोजन में प्रदेशभर से 32 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें लगभग 600 खिलाड़ी और ऑफिशियल्स शामिल हो रहे हैं। पहले दिन हुए पहले मुकाबले में मंदसौर रॉयल ने श्रीराम इलेवन सिमरोल को 114 रनों से पराजित किया। मंदसौर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 7 विकेट पर 153 रन बनाए। जवाब में श्रीराम इलेवन सिमरोल की टीम 39 रन पर सिमट गई । मंदसौर टीम के मानस कुमावत ने 15 गेंदों पर 40 रन बनाए और 2 विकेट भी लिए, उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया ।

प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ निखिल उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में हुआ । शुभारंभ अवसर पर प्रदेश भर से भाग ले रही 32 टीमों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया । साथ ही आकर्षक ट्रॉफी का अनावरण किया गया । इस अवसर पर स्वागत उद्बबोधन देते हुए मध्यप्रदेश कुमावत क्रिकेट लीग के संयोजक नानुराम कुमावत ने कहा कि 'आज के युवाओं को खेल के मैदान से जोड़ने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का यह सबसे बेहतरीन माध्यम है । वर्तमान दौर में बच्चे मोबाइल और नशे की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं, जबकि उन्हें अपने शरीर और उत्तम स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए मैदान पर आना होगा । इसलिए यह क्रिकेट टूर्नामेंट हमने आयोजित किया है । इस टूर्नामेंट के माध्यम से हम समाज को एकत्रित करने के साथ देश-प्रदेश में अपनी उपस्थिति भी दर्ज कराना चाहते है । इस अवसर पर विशेष रूप से सतीश देवाल, मनोहर कुमावत, राधेश्याम सिंदड़, मरली प्रजापत, धर्मेंद्र कुमावत, भगवादासहाय कुमावत, हीरालाल कुमावत, पांचुराम कुमवात उपस्थित थे। अतिथि स्वागत मनोज कुमावत, पंकज कुमावत, अशोक कुमावत, बाबूलाल कुमावत, कविंद्र कुमावत, जितेंद्र कुमावत एवं कमल कुमावत ने किया।

## मप्र सुपर 7 क्रिकेट टीम हरियाणा रवाना

**इंदौर।** हरियाणा के करनाल में आयोजित 14 वीं राष्ट्रीय सबजूनियर सुपर 7 क्रिकेट चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए मध्य प्रदेश की 14 सदस्यीय क्रिकेट टीम हरियाणा के लिए रवाना हो गई। टीम में बालक खिलाड़ी, कोच, मैनेजर सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हैं। मध्य प्रदेश सुपर 7 एसोसिएशन के सचिव ललित प्रजापत ने बताया कि प्रदेश की टीम का चयन ट्रायल्स के आधार पर किया गया है बालक वर्ग की टीम में जयेश मंडलोई (कप्तान),शिवम पटेल (उपकप्तान) ,अभय वर्मा,सदाशिव चौधरी,अक्षत पटेल,अभय चौहान, मन चौधरी, कुशाग्र चौधरी,पार्थिव पटेल,सक्षम चौधरी,रौनक शिंदे,ओर अंशुल पटेल का चयन हुआ है। टीम के कोच वंशराज राठौर तथा मैनेजर प्रतीक कुमावत है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। इस अवसर श्री नवीन चौधरी, विकास शर्मा , अनिल अशोक शर्मा,एडवोकेट अक्षांशु तिवारी, राहुल चित्रे,महेंद्र गहलोत, गौरव अग्रवाल,वासुदेव पाटीदार, शुभम भगत, किशन बाटू,ऋषभ जरेले, कमलेश चौहान , सहित एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने टीम को शुभकामनाएं प्रेषित कीं और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने की कामना की।

# एआई बना रहा डायग्नोज को आसान




इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। एमपी स्टेट ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसायटी के वार्षिक कॉन्फ्रेंस के तीसरे दिन नेत्र रोग के इलाज में आई के उपयोग पर चर्चा हुई। देशभर से आये विशेष विशेषज्ञों ने माना कि आई नेत्र रोग के इलाज में एआई काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खासकर बीमारी के डायग्नोज में इसके रिजल्ट काफी अच्छे हैं। आयोजन समिति के डॉ सतीश प्रेमचंदानी और डॉ अंशु खरे ने बताया कि अंतिम दिन रविवार को कुछ तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। वहीं दो क्विज कॉम्पिटिशन भी आयोजित किए गए। इस दौरान एमपी स्टेट ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसायटी के चुनाव भी हुई जिसमें डॉ. आरएस चौधरी को प्रेसिडेंट चुना गया। कार्यक्रम मे दो डेमो वर्कशॉप भी आयोजित की गई। सम्मेलन में मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से 700 से अधिक नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल हुए। विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि अब एआई के माध्यम के डायग्नोज में आसानी हो रही है। डॉ. नीलम माहेश्वरी, डॉ. आरएस चौधरी, ड़ॉ. मीता जोशी, डॉ. सुबोध चतुर्वेदी ने अपनी भूमिका निभाई।

# 8 खिलाड़ी राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिनिधित्व

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** स्कूल के 8 खिलाड़ियों का चयन 70वीं राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल 14 वर्ष बालक वर्ग प्रतियोगिता-2026 के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक उमरिया (मध्य प्रदेश) में आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में मौलिक मेहता, पार्थ कालड़ा, अव्यंश जैन, प्रारब्ध गट्टानी, नमन फेरवानी, हुसैन मालूभाईवाला, अथर्व ढोली एवं एडी चाँदनी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इन सभी खिलाड़ियों ने इससे पूर्व राष्ट्रीय स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया था। अब ये खिलाड़ी राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए गोविंद शिंदे को टीम का कोच नियुक्त किया गया मुक्तेश सिंह, अकरम खान ने स्कूल के विद्यार्थियों को बधाई दी।



## फैशन और फेस्टीवल का दिखेगा संगम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** साक्षी वर्मा एवं निधि वर्मा ने दिवाली और करवा चौथ एडिशन को लेकर फेशन और फेस्टीवल का संगम लाइफस्टाइल फेस्ट - रंगरेज़ा बाय आरंभ किया है। 27 एवं 28 अक्टूबर को बॉम्बे हास्पिटल के समीप होटल इन्फीनिटी में यह प्रदर्शनी सुबह से रात तक खुली रहेगी।

# मलेशिया के खिलाफ भारतीय कबड्डी टीम की जबरदस्त जीत महिला टीम 41-18 से जीती

**नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद के नारणपुरा स्थित वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित पहली कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप 2026 में रविवार को भारत की महिला और पुरुष कबड्डी टीमों ने अपने विजयी अभियान को जारी रखा। महिला टीम ने युगांडा को 41-18 से हराया, जबकि पुरुष टीम ने मलेशिया को 37-23 से मात दी।

**महिलाओं की युगांडा के खिलाफ जीत-** महिला वर्ग के मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने युगांडा पर 23 अंकों की शानदार जीत दर्ज करते हुए मुकाबला 41-18 से अपने नाम किया। कप्तान निधि शर्मा ने 9 अंकों के साथ टीम का नेतृत्व किया, जबकि साक्षी और अनु ने क्रमशः 8 और 7 अंक का योगदान दिया। भारत ने मुकाबले में 25 रेड अंक, 11 टैकल अंक और 4 ऑल आउट अंक हासिल किए। डिफेंस में रितु ने 6 टैकल अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जबकि ज्योति ने 4 टैकल अंक का योगदान दिया।

युगांडा की ओर से नमताका बीट्रिस 7 अंकों के साथ सबसे सफल स्कोरर रहीं, जबकि नब्वेगामो कैथरीन ने 2 टैकल अंक का योगदान दिया। युगांडा ने मुकाबले में 13 रेड अंक और 5 टैकल अंक हासिल किए, लेकिन भारत की मजबूत डिफेंस और 2 ऑल आउट ने दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा कर दिया।

**नीरज नरवाल ने किया कमाल-** पुरुषों के मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 37-23 से हराकर 14 अंकों की जीत दर्ज की। नीरज नरवाल मैच के स्टार रहे और उन्होंने 13 अंक हासिल किए, जिनमें 4 बोनस अंक शामिल थे। भरत ने 6 रेड अंक, आदित्य शिंदे ने 5 अंक और नवीन कुमार ने 3 रेड अंक का योगदान दिया।

मलेशिया ने मुकाबले का अंत 18 रेड अंक और 4 टैकल अंकों के साथ किया, लेकिन भारत द्वारा पहले हाफ में किए गए दोनों ऑल आउट ने मैच की दिशा तय कर दी और यही अंततः मुकाबले के परिणाम का आधार बना।

## न्यूज इन बॉक्स

### एस एफ बॉयज, साई धाम कोदरिया, आदिवासी ए, चिराग यूनाइटेड अगले दौर में

**इंदौर।** जिला फुटबाल संघ चैंपियनशिप में दूसरे दिन का पहला मुकाबला एस एफ बॉयज एवं ग्रास रूट के मध्य खेला गया । जिसमें एसएफ बॉयज ने 5 - 0 से मात देखकर अगले दौर में प्रवेश किया । दूसरा मुकाबला साइ धाम कोदरिया व न्यू यंग इंदौर रोड के मध्य खेला गया । जिसमें साईधाम कोदरिया ने 2-0 से जीत हासिल की। तीसरा मुकाबला आदिवासी एकेडमी एवं आदिवासी ए के मध्य खेला गया, जिसमें पेनल्टी शूटआउट में आदिवासी ने 6 के बदले 7 गोल मार कर अपनी विजय दर्ज की। अंतिम मुकाबला चिराग युनाइटेड और यूथ डेवलपमेंट के मध्य खेला गया, इसमें चिराग युनाइटेड ने 3-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

### पहली बार अहमदाबाद में 2029 में होगी भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** गुजरात का अहमदाबाद शहर वर्ष 2029 में सीनियर भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने रविवार को चीन के निंग्बो में आयोजित कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की। इस आयोजन के साथ ही भारत पहली बार सीनियर भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ ने अपनी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में वर्ष 2029 और 2030 की सीनियर विश्व चैंपियनशिप के मेजबान शहरों का चयन किया। इसके तहत 2029 की प्रतियोगिता अहमदाबाद में आयोजित होगी, जबकि वर्ष 2030 की मेजबानी रूस की राजधानी मॉस्को को सौंपी गई है। इसके अलावा, बोर्ड ने वर्ष 2028 की विश्व युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप की मेजबानी कोसोवो की राजधानी प्रिश्टिना और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी वेनेजुएला की राजधानी काराकास को देने का फैसला किया।

### मध्य प्रदेश सुपर 7 क्रिकेट टीम हरियाणा रवाना

**इंदौर।** हरियाणा के करनाल में आयोजित 14 वीं राष्ट्रीय सबजूनियर सुपर 7 क्रिकेट चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए मध्य प्रदेश की 14 सदस्यीय क्रिकेट टीम हरियाणा के लिए रवाना हो गई। टीम में बालक खिलाड़ी, कोच, मैनेजर सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हैं। मध्य प्रदेश सुपर 7 एसोसिएशन के सचिव ललित प्रजापत ने बताया कि प्रदेश की टीम का चयन ट्रायल्स के आधार पर किया गया है बालक वर्ग की टीम में जयेश मंडलोई (कप्तान),शिवम पटेल (उपकप्तान) ,अभय वर्मा,सदाशिव चौधरी,अक्षत पटेल,अभय चौहान, मन चौधरी, कुशाग्र चौधरी,पार्थिव पटेल,सक्षम चौधरी,रौनक शिंदे,ओर अंशुल पटेल का चयन हुआ है। टीम के कोच वंशराज राठौर तथा मैनेजर प्रतीक कुमावत है।



# एथलेटिक्स स्पर्धा के तहत चयनित हुए खिलाड़ी

**इंदौर।** इंदौर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की बार्षिक जूनियर एटलेटिक्स प्रतियोगिता मल्हार आश्रम खेल मैदान पर आयोजित की गई । एसोसिएशन के जिला सचिव गोविंदा चिंतामण ने बताया कि इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों के 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। 14 व 16 वर्ष के आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में 13 खिलाड़ियों का चयन किया गया। ये खिलाड़ी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 14 से 16 नबम्बर तक हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय अंतर जिला प्रतियोगिता में भाग लेंगे। टीम के मैनेजर सीनियर साईं कोच शर्मिला तेजावत एवं लॉन्ग डिस्टेंस एथलेटिक्स कोच शिल्वंत कुमार यादव रहेंगे प्रतियोगिता के निर्णायक एथलेटिक्स कोच जितेंद्र गौड़ एवं एन आई एस कोच सुनील धाकड़ अभिषेक गौड़ थे।

विभिन्न स्पर्धाओं में 14 वर्ष आर्यमन दुबे गोला फेक प्रथम , 14 वर्ष सचिन चौहान गोला फेक द्वितीय, 14 वर्ष 60 मी निष्ठा इंगले प्रथम, 14 वर्ष 60 मी अविका डामर द्वितीय, 16 वर्ष बालक 600 मी कार्तिक यादव प्रथम, 16 वर्ष बालक 600 मी सुप्रतिम नेगी द्वितीय, 16 वर्ष लॉन्ग जंप स्तुति जयसवाल प्रथम, 16 वर्ष लॉन्ग जंप विधि पांडे द्वितीय । विजेताओं को मल्हार आश्रम स्कूल के प्रिंसिपल देवेंद्र कुमार रामीश, शिक्षा विभाग से कालूराम वर्मा, हरिओम ग्रुप से कौशल शिवरे, चंदू ठाकुर, सत्यम दुसान, विशाल पंचोली, हिम्मत जादौन, रवि मिश्रा ने पुरस्कृत किया।

# देवदत्त पडिक्कल दोहरा शतक चूके, भारत को बढ़त

**लिंकन।** भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल (199) ने न्यूजीलैंड में दोहरा शतक चूक गए । इंडिया ए की टीम न्यूजीलैंड ए के खिलाफ अनाधिकारिक टेस्ट मैच खेल रही है । मैच के तीसरे दिन पडिक्कल ने 128 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया, जायडेन लेनोक्स की गेंद पर छक्के से वह सैकड़े तक पहुंचे। उसके बाद भी उनका बल्ला गरजता रहा और वे दोहरे शतक से एक रन से चूक गए । बल्लेबाजी के लिए मुश्किल विकेट पर इंडिया ए ने पहली पारी में स्ट्रगल किया था। टीम सिर्फ 113 रनों पर ही ऑलआउट हो गई थी । समाचार लिखे जाने तक भारत-ए ने 5 विकेट पर 377 रन बना लिए थे और उसकी कुल बढ़त 173 रन की थी।




### साई सुदर्शन 91 रन बनाकर आउट

देवदत्त पडिक्कल ने जहां शतक पूरा कर लिया वहीं साई सुदर्शन चूक गए। चौथे नंबर पर उतरे सुदर्शन के बल्ले से 91 रनों की पारी निकली। उन्होंने 184 गेंदों का सामना किया और 12 चौके मारे। क्रिस्टियन क्लार्क ने उनका विकेट लिया। इंजरी की वजह से साई सुदर्शन श्रीलंका दौरे से बाहर हो गए थे। उनकी जगह ही पडिक्कल ने प्लेइंग इलेवन में आकर धमाकेदार बैटिंग की थी।

### पडिक्कल और सुदर्शन ने 215 रन जोड़े

देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन के बीच दूसरे विकेट के लिए 215 रनों की साझेदारी हुई। इस साझेदारी की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड ए पर बढ़त भी बना ली है। पहली पारी में इंडिया ए को 113 पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ए ने 317 रन बना लिए थे। इस तरह टीम को 204 रनों की बढ़त मिली थी। जब सुदर्शन आउट हुए तो इंडिया ए का स्कोर 3 विकेट पर 225 रन था । इसके बाद देवदत्त ने यश राठौड़ के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। वे 199 रन पर थे तब गिब्सन की गेंद पर विकेट के पीछे हे को कैच थमा बैठे। उन्होंने 248 गेंदों में 3 छक्के और 24 चौकों की मदद से 199 रन की पारी खेली। यश राठौड़ 66 रन बनाकर खेल रहे थे।



### प्रणित का दोहरा शतक, सीसीआय एवं एनवीएसीए मैच ड्रा

**इंदौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए अंडर-22 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत सीसीआय एवं एनवीएसीए के मध्य खेला गया जिसमें एनवीएसीए ने पहले खेलते हुए सभी विकेट खोकर 443 रन बनाये। प्रणित पाटीदार ने 202 रन एवं सुमित गुप्ता ने 101 रन तथा अर्नव घोडगांवकर ने 60 रन बनाये। रेहान खान ने 4 विकेट लिये। जवबा में मैच समाप्त होने तक सीसीआय ने अपनी पहली पारी में 8 विकेट पर 294 रन बना लियें थे । वकास अली ने 91 व प्रथम संकट ने 52 रन बनाये। दिव्यांश पांचाल ने 4 विकेट लिये। मैच का कोई निर्णय ना होने पर और दूसरी पारी पूरी नही होने पर अम्पायरों द्वारा मैच को बिना किसी निर्णय के समाप्त घोषित किया तथा इस तरह दोनो ही टीम को 2-2 अंक से संतुष्ट होना पड़ा।

## भारत ने पैरा एशियन गेम्स में एथलेटिक्स टीम ने किया अपना बेस्ट प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारत ने जापान के आइची-नागोया में हुए पैरा एशियन गेम्स में 114 मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। खास बात यह रही कि इस बार भारत ने पिछले संस्करण की तुलना में काफी छोटा दल भेजा था, इसके बावजूद पदकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। भारत ने 2010 में ग्वांगझू में हुए पहले पैरा एशियन गेम्स में 14 पदक जीते थे। इसके बाद हर संस्करण में भारतीय दल का प्रदर्शन बेहतर होता गया और अब 2026 में पदकों की संख्या 114 तक पहुंच गई है, जबकि 2022 की तुलना में खिलाड़ियों की संख्या आधे के करीब थी।

भारत ने 2023 में हांगझोउ में हुए पिछले पैरा एशियन गेम्स में 309 खिलाड़ियों का दल भेजा था। इस बार जापान में केवल 168 भारतीय पैरा एथलीटों ने हिस्सा लिया। इसके बावजूद भारत ने 114 पदक हासिल किए, जो देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। इस प्रदर्शन के साथ भारतीय दल ने पिछले संस्करण के अपने पदक रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। भारत ने 2023 में 108 पदक जीते थे, जबकि इस बार पदकों की संख्या में छह का इजाफा हुआ।

भारत की सफलता में पैरा एथलेटिक्स सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने इस खेल में कुल 65 पदक जीते, जिनमें 22 गोल्ड, 19 सिल्वर और 24 ब्रॉन्ज शामिल रहे। पैरा बैडमिंटन दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने इस स्पर्धा में 16 पदक हासिल किए। इसके अलावा पैरा स्विमिंग में 11, पैरा टेबल टेनिस में सात, पैरा तीरंदाजी में छह और पैरा शूटिंग में पांच पदक मिले।

# राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में इंदौर को 11 स्वर्ण समेत 20 पदक

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नागरकोइल कन्याकुमारी में आयोजित हुई एसबीआई राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में इंदौर की एलेट स्पोर्ट्स ने 11स्वर्ण 5 रजत एवं चार कांस्य पदक जीते। बालक वर्ग में तनवीक लश्करी (स्वर्ण पदक), विवान गोस्वामी (स्वर्ण काता एवं रजत कुमिते), रोहित कौशल (स्वर्ण कुमिते), तनिष भलावे (कांस्य), चिराग सक्वार, (रजत) प्रवीण चौहान (कांस्य पदक), अहम रावत (रजत एवं कांस्य), श्रेयांश यशोना (कांस्य एवं रजत पदक), पृथ्वीराज यशोना (रजत पदक)। वही बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली कुमित्र इवेंट में दिशा राठौर, गायत्री राठौर, श्रेया ज़रिया, तनीषा मालवीय, अल शिफा कुरैशी, कोमल गौर, हांसिका पंवार, गीतांशी हूडा शामिल है।



# इवेंट मशीन की चिंगारी से दादा और पोता झुलसे

## पड़ोसी पर लगा लापरवाही का आरोप

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के नंदा नगर क्षेत्र में एक अजीबोगरीब हादसा सामने आया है। पड़ोसी द्वारा घर के बाहर नई इवेंट मशीन लापरवाही से चेक करने के दौरान उड़ी आग की चिंगारी की चपेट में आने से दादा और उनका 12 साल का पोता गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना नंदा नगर क्षेत्र की है।जहां रहने वाले फरियादी रमेशचंद्र पिता कन्हैयालाल जायसवाल ने पुलिस को बताया कि वे अपने 12 वर्षीय पोते रुद्र को साथ लेकर उसे फुटबॉल दिलाने के लिए घर से बाहर निकले ही थे। जैसे ही वे घर से बाहर आए, अचानक कहीं से आग की एक तेज चिंगारी उनकी तरफ आई, जिसकी चपेट में रमेशचंद्र और उनका पोता दोनों आ गए। इस हादसे में बुजुर्ग रमेशचंद्र के दोनों हाथों के बाल झुलस गए, जबकि उनके पोते रुद्र के दोनों हाथ, चेहरा, गला और आंखों के पास गंभीर चोटें आईं।घटना के बाद जब बुजुर्ग ने आसपास पता किया, तो पता चला कि उनके पड़ोस में रहने वाला तुषार पिता विजय कोली, जो इवेंट का काम करता है हाल ही में कोई नई मशीन खरीदकर लाया था। वह उस मशीन को घर के बाहर ही चलाकर चेक कर रहा था। तुषार की इसी भारी लापरवाही के कारण मशीन से निकली आग की चिंगारी से दादा-पोता झुलस गए।

# कलयुगी बेटे ने पिता का सिर ईंट से फोड़ा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत माचला इलाके में पारिवारिक रिश्तों को कलंकित करने वाली एक शर्मनाक घटना सामने आई है। हम्माली करने वाले एक कलयुगी बेटे ने मामूली बात पर विवाद करते हुए अपने ही बुजुर्ग पिता पर ईंट से हमला कर दिया। इस खूनी हमले में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर आरोपी बेटे के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**कमाकर खिलाने की जिद पर अड़े पुत्र ने किया लहूलुहान**

पुलिस के अनुसार, यह घटना ग्राम माचला में टंट्या मामा स्टैच्यू के सामने रहने वाले जगदीश पिता अमान सिंह ठाकुर के साथ हुई। पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर अपने ही बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।फरियादी जगदीश ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा राजा ठाकुर आए दिन घर में बेवजह विवाद करता रहता है। वह पिता पर दबाव बनाता है कि वे ही उसे कमाकर और खाना बनाकर खिलाएं, जबकि बेटा खुद कोई सहयोग नहीं करता और ना ही घर खर्च के लिए पैसे देता है। हद तो तब हो गई जब आरोपी ने यहां तक धमकी दी कि अगर घर में बेचने के लिए सब्जी लेकर आए, तो वह उसे उठाकर फेंक देगा। जब पिता ने उसकी इन हरकतों और बदसलूकी का विरोध किया, तो आरोपी बेटा आगबबूला हो गया। उसने पहले तो गालियां दीं और फिर घर में रखे ईंट से पिता पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस मारपीट में जगदीश गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बुजुर्ग की जेब से मोबाइल ले उड़ा चोर

## सब्जी मंडी पहुंचे थे तब हुई घटना

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र की निरंजनपुर सब्जी मंडी में खरीदारी करने गए एक बुजुर्ग का मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। जेबकतरों ने मौका पाकर शर्ट की ऊपर वाली जेब से कीमती स्मार्टफोन पार कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फरियादी कमलजीत पिता इन्द्रजीत अंसल (63) निवासी वेलमेंट पार्क, कैलोद हाला ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वे निरंजनपुर सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने गए थे और अपना रेडमी नोट-14 प्रो मोबाइल फोन शर्ट की ऊपर वाली जेब में रखा था। सब्जी वाले को पैसे देने के दौरान जेब से पैसे निकाले और कुछ देर बाद जेब संभाला, तो जेब से मोबाइल गायब था। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी फोन नहीं मिला। लसूडिया पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर मंडी क्षेत्र के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

## कोर्ट में गवाही देने पर महिला को मिली धमकी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

बाणगंगा थाना क्षेत्र में कोर्ट में गवाही देने से रोकने और धमकाने का मामला सामने आया है। एक दबंग ने घर के बाहर खड़ी महिला को धमकाया कि अगर उसने उसके खिलाफ कोर्ट में बयान दिए, तो अंजाम बहुत बुरा होगा और जान से हाथ धोना पड़ेगा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।


पुलिस के अनुसार, 31 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह सुबह करीब 9 बजे अपने घर के बाहर खड़ी थी। उसी दौरान आरोपी मनोरंजन सिंह निवासी पेंनजॉन कॉलोनी वहां आया और गवाही को लेकर धमकाने लगा। आरोपी ने कहा कि मेरे केस में कोर्ट में बयान की तारीख लगी है, अगर तूने मेरे खिलाफ गवाही दी तो ठीक नहीं होगा... परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना।'पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर आरोपी मौके से फरार हो गया।

# खाते से 5 लाख की ठगी करने वाला ठगोरा गिरफ्तार

## मामला आईडीएफसी बैंक के म्यूल खाते का

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

**यूपी के देवरिया और लखनऊ तक जुड़े हैं तार**



क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत साइबर फ्रॉड के खिलाफ एक और प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया है। अंतर्राज्यीय साइबर धोखाधड़ी के लिए बैंक खाते का दुरुपयोग करने वाले एक म्यूल खाताधारक के खिलाफ क्राइम ब्रांच थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी के खाते से जुड़े तार उत्तर प्रदेश के दो थानों में दर्ज साइबर अपराधों से जुड़े पाए गए हैं।

क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय, आई4सी गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल से प्राप्त तकनीकी इनपुट के आधार पर क्लॉथ मार्केट स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा के एक संदिग्ध म्यूल खाते की गहन जांच की गई थी। जांच में सामने आया कि यह संदिग्ध बैंक खाता कुशाल सिंह सिसोदिया निवासी इंदौर के नाम पर संचालित हो रहा था। इस खाते के जरिए अब तक लगभग 5 लाख रुपये के संदिग्ध और संदेहास्पद वित्तीय ट्रांजैक्शन किए जाने की पुष्टि हुई है। साइबर क्राइम पोर्टल के रिकॉर्ड की जांच करने पर यह खुलासा हुआ कि उक्त बैंक खाते के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के देवरिया थाना सलेमपुर और लखनऊ पश्चिम थाना ठाकुरगंज में साइबर ठगी की गंभीर शिकायतें दर्ज हैं। संगठित साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी प्रमाणित होने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए अपराध शाखा थाने में प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। क्राइम ब्रांच इस अंतर्राज्यीय साइबर फ्रॉड नेटवर्क की गहराई से छानबीन कर रही है और वित्तीय लेन-देन से जुड़े अन्य सहयोगियों की पहचान कर उन पर भी शिकंजा कसने की तैयारी की जा रही है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला पकड़ाया बहन के साथ लौट रही थी घर, रास्ते में बाइक पर बैठाने की की थी कोशिश

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

चंदन नगर थाना क्षेत्र में घर लौट रही एक नाबालिग के साथ सड़क पर छेड़छाड़ करने वाले शातिर आरोपी को पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर दबोच लिया। आरोपी पर पहले से आधा दर्जन से ज्यादा गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।



थाना प्रभारी वेदेन्द्र कुशवाह ने बताया कि शुक्रवार रात पीड़िता अपनी बड़ी बहन के साथ घर जा रही थी। रास्ते में मोटरसाइकिल सवार विजय उर्फ रोहित ने उनका पीछा किया और घर छोड़ने का झांसा देकर जबरन बाइक पर बिठाने की कोशिश की। विरोध करने पर उसने पीड़िता के साथ झूमाझटकी की और कपड़े खींचकर धमकाया। परिजनों के आने पर आरोपी मौके से भाग निकला। शनिवार को थाने में नामजद शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस हरकत में आई। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी लगातार अपना मोबाइल बंद कर ठिकाने बदल रहा था, लेकिन पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी इनपुट की मदद से उसे धरदबोचा। आरोपी विजय उर्फ रोहित उर्फ बाबू निवासी अंजनी नगर, नशे का आदी है और इसके खिलाफ पूर्व में 8 गंभीर केस दर्ज हैं।

# तेज रफ्तार कार के पलटने से युवक की मौत

## अनियंत्रित वाहन दुर्घटना में दो घायल

**इंदौर।** मानपुर थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे कार चला रहे एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना मानपुर थाना क्षेत्र में हुई। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान संदीप पिता संतोष (27) निवासी भावना नगर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि संदीप अपनी कार से जा रहा था, तभी वाहन की रफ्तार तेज होने के कारण चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और कार बेकाबू होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में संदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। मानपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एक बुजुर्ग ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर जान दे दी है।मिली जानकारी के अनुसार हरेन्द्र पिता हरीशचंद्र (62) निवासी न्यू रानीबाग ने फंदा लगाकर जान दे दी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादक:- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।